समृद्धि सौभाग्य मय, भव दधि तारण हार।।6।।

मंगलमय जिन तीर्थ हैं, सिद्ध क्षेत्र निर्वाण।
रत्नत्रय मंगल कहा, वीतराग विज्ञान।।7।।

पूजा पीठिका

ॐ जय जय जय नमोस्तु, नमोस्तु, नमोस्तु
अरहन्तों को नमन् हमारा, सिद्धों को करते वन्दन।
आचार्यों को नमस्कार हो, उपाध्याय का है अर्चन।।
सर्वलोक के सर्व साधुओं, के चरणों शत्-शत् वन्दन।
पञ्च परम परमेष्ठी के पद, मेरा बारम्बार नमन्।।

ॐ ह्रीं अनादि मूलमंत्रेभ्यो नमः। (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

मंगल चार-चार हैं उत्तम, चार शरण हैं जगत् प्रसिद्ध।
इनको प्राप्त करें जो जग में, वह बन जाते प्राणी सिद्ध।।
श्री अरहंत जगत् में मंगल, सिद्ध प्रभु जग में मंगल।
सर्व साधु जग में मंगल हैं, जिनवर कथित धर्म मंगल।।
श्री अरहंत लोक में उत्तम, परम सिद्ध होते उत्तम।
सर्व साधु उत्तम हैं जग में, जिनवर कथित धर्म उत्तम।।
अरहंतों की शरण को पाऊँ, सिद्ध शरण में मैं जाऊँ।
सर्व साधु की शरण केवली, कथित धर्म शरणा पाऊँ।।

ॐ नमोऽर्हते स्वाहा। (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

(चाल टप्पा)

अपवित्र या हो पवित्र कोई, सुस्थित दुस्थित होवे।
पंच नमस्कार ध्याने वाला, सर्व पाप को खोवे।।
भाई बीज पुण्य का बोवे। ...
अपवित्र या हो पवित्र नर, सर्व अवस्था पावें।
बाह्याभ्यन्तर से शुचि हैं वह, परमातम को ध्यावें।।
भाई जीवन सफल बनावें। ...

अपराजित यह मंत्र कहा है, सब विघ्नों का नाशी।
सर्व मंगलों में मंगल यह, प्रथम कहा अविनाशी।।
भाई बनो पुण्य की राशी। ...
पञ्च नमस्कारक यह अनुपम, सब पापों का नाशी।
सर्व मंगलों में मंगल यह, प्रथम कहा अविनाशी।।
भाई बनो सदा विश्वासी। ...
परं ब्रह्म परमेष्ठी वाचक, अर्हं अक्षर माया।
बीजाक्षर है सिद्ध संघ का, जिसको शीश झुकाया।।
भाई गुण गाके हर्षाया। ...
मोक्ष लक्ष्मी के मंदिर हैं, अष्ट कर्म के नाशी।
सम्यक्त्वादि गुण के धारी, सिद्ध नमूँ अविनाशी।।
भाई आतम ज्ञान प्रकाशी।। ...
विघ्न प्रलय हों और शाकिनी, भूत पिशाच भग जावें।
विष निर्विष हो जाते क्षण में, जिन स्तुति जो गावें।।
जिनेश्वर की शरण जो आवें।। ...

(पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

पंचकल्याणक का अर्घ्य

जल चन्दन अक्षत पुष्प चरु ले, दीप धूप फल अर्घ्य महान्।
जिन गृह में कल्याण हेतु मैं, अर्चा करता मंगलगान।।

ॐ ह्रीं भगवतो गर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाणपंचकल्याणकेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंच परमेष्ठी का अर्घ्य

जल चन्दन अक्षत पुष्प चरु ले, दीप धूप फल अर्घ्य महान्।
जिन गृह में कल्याण हेतु मैं, अर्चा करता मंगलगान।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत् सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुभ्योर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनसहस्रनाम अर्घ्य

जल चन्दन अक्षत पुष्प चरु ले, दीप धूप फल अर्घ्य महान्।
जिन गृह में कल्याण हेतु मैं, अर्चा करता मंगलगान।।

ॐ ह्रीं श्री भगवज्जिन अष्टोत्तरसहस्रनामेभ्योअर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवाणी का अर्घ्य

जल चन्दन अक्षत पुष्प चरु ले, दीप धूप फल अर्घ्य महान्।
जिन गृह में कल्याण हेतु मैं, अर्चा करता मंगलगान।।

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्दर्शन ज्ञान चारित्राणि तत्त्वार्थ सूत्र दशाध्याय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

स्वस्ति मंगल विधान

(शम्भू छन्द)

तीन लोक के स्वामी विद्या, स्याद्वाद के नायक हैं।
अनन्त चतुष्टय श्री के धारी, अनेकान्त प्रगटायक हैं।।
मूल संघ में सम्यक् दृष्टि, पुरुषों के जो पुण्य निधान।
भाव सहित जिनवर की पूजा, विधि सहित करते गुणगान।।1।।
जिन पुंगव त्रैलोक्य गुरु के, लिए विशद होवे कल्याण।
स्वाभाविक महिमा में तिष्ठे, जिनवर का हो मंगलगान।।
केवल दर्शन ज्ञान प्रकाशी, श्री जिन होवें क्षेम निधान।
उज्ज्वल सुन्दर वैभवधारी, मंगलकारी हो भगवान।।2।।
विमल उछलते बोधामृत के, धारी जिन पावें कल्याण।
जिन स्वभाव परभाव प्रकाशक, मंगलकारी हों भगवान।।
तीनों लोकों के ज्ञाता जिन, पावें अतिशय क्षेम निधान।
तीन लोकवर्ति द्रव्यों में, विस्तृत ज्ञानी हैं भगवान।।3।।

परम भाव शुद्धी पाने का, अभिलाषी होकर मैं नाथ।
देश काल जल चन्दनादि की, शुद्धि भी रखकर के साथ।।
जिन स्तवन जिन बिम्ब का दर्शन, ध्यानादि का आलम्बन।
पाकर पूज्य अरहन्तादि की, करता हूँ पूजन अर्चन।।4।।
हे अर्हन्त ! पुराण पुरुष हे !, हे पुरुषोत्तम यह पावन।
सर्व जलादि द्रव्यों का शुभ, पाया मैंने आलम्बन।।
अति दैदीप्यमान है निर्मल, केवल ज्ञान रूपी पावन।
अग्नि में एकाग्र चित्त हो, सर्व पुण्य का करूँ हवन।।5।।

ॐ ह्रीं विधियज्ञ-प्रतिज्ञानाय जिनप्रतिमाग्रे पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

(दोहा छन्द)

श्री ऋषभ मंगल करें, मंगल श्री अजितेश।
श्री संभव मंगल करें, अभिनंदन तीर्थेश।।
श्री सुमति मंगल करें, मंगल श्री पद्मेश।
श्री सुपार्श्व मंगल करें, चन्द्रप्रभु तीर्थेश।
श्री सुविधि मंगल करें, शीतल नाथ जिनेश।
श्री श्रेयांस मंगल करें, वासुपूज्य तीर्थेश।।
श्री विमल मंगल करें, मंगलानन्त जिनेश।
श्री धर्म मंगल करें, शांतिनाथ तीर्थेश।।
श्री कुन्थु मंगल करें, मंगल अरह जिनेश।
श्री मल्लि मंगल करें, मुनिसुव्रत तीर्थेश।।
श्री नमि मंगल करें, मंगल नेमि जिनेश।
श्री पार्श्व मंगल करें, महावीर तीर्थेश।।

(पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

(छन्द तांटक)

महत् अचल अद्भुत अविनाशी, केवल ज्ञानी संत महान्।
शुभ दैदीप्यमान मनः पर्यय, दिव्य अवधि ज्ञानी गुणवान।।
दिव्य अवधि शुभ ज्ञान के बल से, श्रेष्ठ महाऋद्धीधारी।
ऋषी करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।1।।

(यहाँ से प्रत्येक श्लोक के अन्त में पुष्पाञ्जलिं क्षिपेण करना चाहिये।)

जो कोष्ठस्थ श्रेष्ठ धान्योपम, एक बीज सम्भिन्न महान्।
शुभ संश्रोतृ पादानुसारिणी, चउ विधि बुद्धि ऋद्धीवान।।
शक्ति तप से अर्जित करते, श्रेष्ठ महा ऋद्धी धारी।
ऋषि करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।2।।
श्रेष्ठ दिव्य मतिज्ञान के बल से, दूर से ही हो स्पर्शन।
श्रवण और आस्वादन अनुपम, गंध ग्रहण हो अवलोकन।।
पंचेन्द्रिय के विषय ग्राही, श्रेष्ठ महा ऋद्धीधारी।
ऋषि करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।3।।
प्रज्ञा श्रमण प्रत्येक बुद्ध शुभ, अभिन्न दशम पूरवधारी।
चौदह पूर्व प्रवाद ऋद्धि शुभ, अष्टांग निमित्त ऋद्धीधारी।।
शक्ति तप से अर्जित करते, श्रेष्ठ महा ऋद्धीधारी।
ऋषि करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।4।।
जंघा अग्नि शिखा श्रेणि फल, जल तन्तु हों पुष्प महान।
बीज और अंकुर पर चलते, गगन गमन करते गुणवान।।
शक्ति तप से अर्जित करते, श्रेष्ठ महाऋद्धीधारी।
ऋषि करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।5।।

अणिमा महिमा लघिमा गरिमा, ऋद्धीधारी कुशल महान्।
मन बल वचन काय बल ऋद्धी, धारण करते जो गुणवान।।
शक्ति तप से अर्जित करते, श्रेष्ठ महाऋद्धीधारी।
ऋषि करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।6।।
जो ईशत्व वशित्व प्राकम्पी, कामरूपिणी अन्तर्धान।
अप्रतिघाती और आप्ती, ऋद्धी पाते हैं गुणवान।।
शक्ति तप से अर्जित करते, श्रेष्ठ महाऋद्धीधारी।
ऋषि करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।7।।
दीप्त तप्त अरू महा उग्र तप, घोर पराक्रम ऋद्धी घोर।
अघोर ब्रह्मचर्य ऋद्धिधारी, करते मन को भाव विभोर।।
शक्ति तप से अर्जित करते, श्रेष्ठ महाऋद्धीधारी।
ऋषि करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।8।।
आमर्ष अरू सर्वौषधि ऋद्धि, आशीर्विष दृष्टि विषवान।
क्ष्वेलौषधि जल्लौषधि ऋद्धि, विडौषधि मल्लौषधि जान।।
शक्ति तप से अर्जित करते, श्रेष्ठ महाऋद्धीधारी।
ऋषि करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।9।।
क्षीर और घृतस्रावी ऋद्धी, मधु अमृतस्रावी गुणवान।
अक्षीण संवास अक्षीण महानस, ऋद्धीधारी श्रेष्ठ महान्।।
शक्ति तप से अर्जित करते, श्रेष्ठ महाऋद्धीधारी।
ऋषि करें कल्याण हमारा, मुनिवर जो हैं अनगारी।।10।।

(इति परम-ऋषिस्वस्ति मंगल विधानम्।। इति पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत् ।।)

श्री नवदेवता पूजा

स्थापना

हे लोक पूज्य अरिहंत नमन् !, हे कर्म विनाशक सिद्ध नमन् ! ।
आचार्य देव के चरण नमन्, अरु उपाध्याय को शत् वन्दन।।
हे सर्व साधु है तुम्हें नमन् !, हे जिनवाणी माँ तुम्हें नमन् !।
शुभ जैन धर्म को करूँ नमन्, जिनबिम्ब जिनालय को वन्दन।।
नव देव जगत् में पूज्य 'विशद', है मंगलमय इनका दर्शन।
नव कोटि शुद्ध हो करते हैं, हम नव देवों का आह्वानन।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालय समूह अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालय समूह अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालय समूह अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

हम तो अनादि से रोगी हैं, भव बाधा हरने आये हैं।
हे प्रभु ! अन्तरतम साफ करो, हम प्रासुक जल भर लाये हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, भक्ती से सारे कर्म धुलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।1।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: जन्म, जरा, मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

संसार ताप में जलकर हमने, अगणित अति दुख पाये हैं।
हम परम सुगंधित चंदन ले, संताप नशाने आये हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, भक्ती से भव संताप गलें।
हे नाथ ! आपके चरणों में श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।2।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: संसार ताप विनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

यह जग वैभव क्षण भंगुर है, उसको पाकर हम अकुलाए ।
अब अक्षय पद के हेतु प्रभू, हम अक्षत चरणों में लाए ।।
नवकोटि शुद्ध नव देवों की, अर्चाकर अक्षय शांति मिले।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।3।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

बहु काम व्यथा से घायल हो, भव सागर में गोते खाये।
हे प्रभु! आपके चरणों में, हम सुमन सुकोमल ले आये।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, अर्चाकर अनुपम फूल खिलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।4।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो:कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

हम क्षुधा रोग से अति व्याकुल, होकर के प्रभु अकुलाए हैं।
यह क्षुधा मेटने हेतु चरण, नैवेद्य सुसुन्दर लाए हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, भक्ती कर सारे रोग टलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।5।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु मोह तिमिर ने सदियों से, हमको जग में भरमाया है।
उस मोह अन्ध के नाश हेतु, मणिमय शुभ दीप जलाया है।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, अर्चा कर ज्ञान के दीप जलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।6।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हसिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: महा मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

भव वन में ज्वाला धधक रही, कर्मों के नाथ सतायें हैं।
हों द्रव्य भाव नो कर्म नाश, अग्नि में धूप जलायें हैं।

नव कोटि शुद्ध नव देवों की, पूजा करके वसु कर्म जलें ।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।7।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सारे जग के फल खाकर भी, हम तृप्त नहीं हो पाए हैं।
अब मोक्ष महाफल दो स्वामी, हम श्रीफल लेकर आए हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों की, भक्ति कर हमको मोक्ष मिले।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।8 ।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

हमने संसार सरोवर में, सदियों से गोते खाये हैं।
अक्षय अनर्घ पद पाने को, वसु द्रव्य संजोकर लाये हैं।।
नव कोटि शुद्ध नव देवों के, वन्दन से सारे विघ्न टलें।
हे नाथ! आपके चरणों में, श्रद्धा के पावन सुमन खिलें।।3।।

ॐ ह्रीं श्री नवदेवता अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

घत्ता छन्द

नव देव हमारे जगत सहारे, चरणों देते जल धारा।
मन वच तन ध्याते जिन गुण गाते, मंगलमय हो जग सारा।।
शांतये शांति धारा करोति।

ले सुमन मनोहर अंजलि में भर, पुष्पांजलि दे हर्षाएँ।
शिवमग के दाता ज्ञानप्रदाता, नव देवों के गुण गाएँ।।
दिव्य पुष्पांजलि क्षिपेत्।

जाप्यह्रह्र **ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो नम:।**

जयमाला

दोहा- **मंगलमय नव देवता, मंगल करें त्रिकाल।**
मंगलमय मंगल परम, गाते हैं जयमाल।।

(चाल टप्पा)

अर्हन्तों ने कर्म घातिया, नाश किए भाई।
दर्शन ज्ञान अनन्तवीर्य सुख, प्रभु ने प्रगटाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटी से, पूजों हो भाई। जि...

सर्वकर्म का नाश किया है, सिद्ध दशा पाई।
अष्टगुणों की सिद्धि पाकर, सिद्ध शिला जाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटी से, पूजों हो भाई। जि...

पञ्चाचार का पालन करते, गुण छत्तिस पाई।
शिक्षा दीक्षा देने वाले, जैनाचार्य भाई ।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

उपाध्याय है ज्ञान सरोवर, गुण पच्चिस पाई।
रत्नत्रय को पाने वाले, शिक्षा दें भाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

ज्ञान ध्यान तप में रत रहते, जैन मुनी भाई।
वीतराग मय जिन शासन की, महिमा दिखलाई।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

सम्यक्दर्शन ज्ञान चरित्रमय, जैन धर्म भाई।
परम अहिंसा की महिमा युत, क्षमा आदि पाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

श्री जिनेन्द्र की ओम् कार मय, वाणी सुखदाई।
लोकालोक प्रकाशक कारण, जैनागम भाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

वीतराग जिनबिम्ब मनोहर, भविजन सुखदाई।।
वीतराग अरु जैन धर्म की, महिमा प्रगटाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

घंटा तोरण सहित मनोहर, चैत्यालय भाई।
वेदी पर जिन बिम्ब विराजित, जिन महिमा गाई।।
जिनेश्वर पूजों हो भाई।
नव देवों को नव कोटि से, पूजों हो भाई।। जि...

दोहा- **नव देवों को पूजकर, पाऊँ मुक्ती धाम।**
''विशद'' भाव से कर रहे, शत्-शत् बार प्रणाम्।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधु जिन धर्म जिनागम जिन चैत्य चैत्यालयेभ्यो: महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा- **भक्ति भाव के साथ, जो पूजें नव देवता।**
पावें मुक्ति वास, अजर अमर पद को लहें।।

(इत्याशीर्वादः पुष्पांजलि क्षिपेत्)

समुच्चय महामृत्युञ्जय पूजा

स्थापना

अर्हत् सिद्ध महर्षि पावन, सहस्राष्ट जिनवर के नाम।
नवदेवों की करें अर्चना, सुर नर विद्याधर अभिराम।।
तिथि देव नवग्रह के स्वामी, द्वारपाल दिग्पाल प्रधान।
मृत्युञ्जय को प्राप्त श्री जिन, का करते अतिशय गुणगान।
सुरभित पुष्पों से करते हम, महामृत्युञ्जय का आह्वान।
सुख शांति आनन्द विशद हो, करते हम विधि से गुणगान।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! अत्र एहि-एहि संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(आल्हा छन्द)

क्षीरोदधि सम निर्मल जल से, धारा देते हैं हम तीन।
जन्म जरा मृत्यु रोगों को, करने आए हैं हम क्षीण।।
महामृत्युञ्जय की पूजा से, शांति मिलती है शुभकार।
अशुभ कर्म का क्षय हो जाता, जीवन बनता मंगलकार।।1।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! जलं निर्वपामीति स्वाहा।

केसर चन्दन से घिसकर के, गंध बनाई अपरम्पार।
भव आताप नशाने का हम, उद्यम करते बारम्बार।।
महामृत्युञ्जय की पूजा से, शांति मिलती है शुभकार।
अशुभ कर्म का क्षय हो जाता, जीवन बनता मंगलकार।।2।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

परम सुगन्धित अक्षय अक्षत, धवल चढ़ाते हैं मनहार।
अक्षय पद पाने हम आए, सर्व जहाँ में विस्मयकार।।

महामृत्युञ्जय की पूजा से, शांति मिलती है शुभकार।
अशुभ कर्म का क्षय हो जाता, जीवन बनता मंगलकार।।3।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल केतकी आदि सुरभित, पुष्प चढ़ाते खुशबूदार।
कामबाण हो नाश हमारा, हो जाएँ हम भी अविकार।।
महामृत्युञ्जय की पूजा से, शांति मिलती है शुभकार।
अशुभ कर्म का क्षय हो जाता, जीवन बनता मंगलकार।।4।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ ताजे नैवेद्य बनाकर, चढ़ा रहे हैं हम रसदार।
क्षुधा रोग हो नाश हमारा, पा जाएँ हम भव से पार।।
महामृत्युञ्जय की पूजा से, शांति मिलती है शुभकार।
अशुभ कर्म का क्षय हो जाता, जीवन बनता मंगलकार।।5।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगमग दीप जलाकर लाए, यहाँ चढ़ाने को शुभकार।
मोह-तिमिर हो नाश हमारा, बन जाएँ हम भी अनगार।।
महामृत्युञ्जय की पूजा से, शांति मिलती है शुभकार।
अशुभ कर्म का क्षय हो जाता, जीवन बनता मंगलकार।।6।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरभित धूप दशांगी में शुभ, खुशबू का न पारावार।
अग्नि में हम जला रहे हैं, कर्म नाश पाने शिव द्वार।।
महामृत्युञ्जय की पूजा से, शांति मिलती है शुभकार।
अशुभ कर्म का क्षय हो जाता, जीवन बनता मंगलकार।।7।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रेष्ठ सरस फल यहाँ चढ़ाते, सेव संतरा आम अनार।
भव सिन्धु से मुक्ति पाएँ, मिले मोक्ष फल का उपहार।।
महामृत्युञ्जय की पूजा से, शांति मिलती है शुभकार।
अशुभ कर्म का क्षय हो जाता, जीवन बनता मंगलकार।।8।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चन्दन अक्षत आदि से, अर्घ्य बनाया विविध प्रकार।
पद अनर्घ्य हो प्राप्त हमें अब, हो जाए आतम उद्धार।।
महामृत्युञ्जय की पूजा से, शांति मिलती है शुभकार।
अशुभ कर्म का क्षय हो जाता, जीवन बनता मंगलकार।।9।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- परम सुगन्धित नीर से, करते शांति धार।
सुख-शांति आनन्द हो, शांति मिले अपार।। *शान्त्ये शांतिधारा*

दोहा- पुष्पाञ्जलि करते विशद, लेकर पुष्प महान।
नव गुण पाने के लिए, करते हम गुणगान।। *पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्*

जयमाला

दोहा- जिन अर्चा से भक्त जन, होते मालामाल।
महामृत्युञ्जय की यहाँ, गाते हैं जयमाल।।

(शम्भू-छंद)

अर्हन्तों की पूजा करते, भाव सहित गुण गाते हैं।
उनके अनुपम गुण पाने की, सतत भावना भाते हैं।।
सिद्ध अनन्तानन्त हुए हैं, सिद्धशिला पर जिनका वास।
हम भी सिद्धों को ध्याते हैं, करने आठों कर्म विनाश।।
गणधर आदि महाऋषि कई, उत्तम तप के धारी हैं।
श्रेष्ठ ऋद्धियों को पाकर भी, विशद कहें अविकारी हैं।।

कर्म निर्जरा करने हेतु, आतम ध्यान लगाते हैं।
विशद ज्ञान को पाने वाले, मृत्युञ्जय हो जाते हैं।।
सहस्राष्ट गुण के धारी जिन, सहस्रनाम को पाते हैं।
नाम मंत्र को जपने वाले, स्वयं सिद्ध बन जाते हैं।।
चन्द्रप्रभु की पूजा करके, नव देवों को ध्याते हैं।
नव कोटि से अर्चा कर नव, क्षायिक लब्धियाँ पा जाते हैं।।
वर्तमान चौबीसी के हम, तीर्थंकर के गुण गाएँ।
पूजा करने यक्ष-यक्षिणी, मेरे साथ यहाँ आएँ।।
पन्द्रह तिथि देवताओं का भी, हम करते हैं आह्वान।
यज्ञ भाग पाओ आकर के, करो प्रभु का आराधन।।
नवग्रह शांति निवारक जिन की, करते भाव सहित अर्चन।
तीन काल में कोई भी ग्रह, आके करें न कोई विघन।।
बीज वर्ण अ ध ठ ह क्ष स, स्वर सकल और ॐकार।
क्षी ल व र फ बीजाक्षर, कला युक्त हैं अपरम्पार।
दशों दिशाओं से आकर के, दश दिग्पाल करें अर्चन।।
द्वारपाल द्वारे पर रहकर, हरते हैं जो सभी विघन।
महामृत्युञ्जय पूजा होती, तीन लोक में पूज्य त्रिकाल।
सुर नर किन्नर विद्याधर भी, गाते हैं प्रभु की जयमाल।।

(घत्ता छन्द)

जय-जय त्रिपुरारी, आनन्दकारी, तीन लोक मंगलकारी।
मृत्युञ्जय धारी, जिन अविकारी, पूज्य विशद हैं शिवकारी।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हं ! जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- मृत्युञ्जय को पूजकर, करें भाव से जाप।
लक्ष्मीपति बनके विशद, पूर्ण नशाएँ पाप।।

इत्याशीर्वादः

महामृत्युञ्जय पूजन

महामण्डलाराधना

स्नानादि सिद्ध स्तवन, करके विधि सहित पूजन।
स्वर्ग मोक्ष का अंग यंत्र श्री, पूजोत्सव कर करो नमन्।।

प्रस्तावना पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

श्री जिनेन्द्र अर्हंत सिद्ध श्री, और महर्षि का अर्चन।
मनः प्रसत्ति सूचनार्थ शुभ, पुष्पाञ्जलि करते क्षेपण।।

मनःप्रसत्तिः सूचनार्थ अर्चनापीठाग्रतः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

अर्हंत् पूजन

स्थापना

भवनादिक के देव इन्द्र सब, आकर ग्रहण करो आसन।
त्रिजगपति तिष्ठें पीठाग्रे, रत्नमयी है सिंहासन।।
हृदय कमल पर स्थापित कर, योगीश्वर जिनको ध्याते।
उनको अर्चन हेतु हम भी, अपने उर में तिष्ठाते।
बनकर भक्त सभी जन प्रभु की, अपने सारे विघ्न हरें।
ऋद्धि सिद्धि सुख शांति पाने, अर्चा अतिशयकार करें।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अर्हं अ सि आ उ सा अत्र एहि-एहि संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अर्हं अ सि आ उ सा अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अर्हं अ सि आ उ सा अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकं

प्रासुक निर्मल नीर चढ़ाएँ, जन्म-जरादि रोग नशाएँ।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।1।।

ॐ ह्रां परमब्रह्मणे अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये जलं निर्वपामीति स्वाहा।

परम सुगन्धित चन्दन लाए, घिसकर यहाँ चढ़ाने आए।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।2।।

ॐ ह्रां परमब्रह्मणे अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत चढ़ा रहे शुभकारी, अक्षय पद पाने मनहारी।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।3।।

ॐ ह्रां परमब्रह्मणे अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्प चढ़ाने को हम लाए, काम रोग मेरा नश जाए।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।4।।

ॐ ह्रां परमब्रह्मणे अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

ताजे यह नैवेद्य बनाए, क्षुधा नशाने को हम आए।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।5।।

ॐ ह्रां परमब्रह्मणे अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप जलाया प्यारा प्यारा, मोह नाश हो जाय हमारा।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।6।।

ॐ ह्रां परमब्रह्मणे अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि में शुभ धूप जलाएँ, अपने आठों कर्म नशाएँ।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।7।।

ॐ ह्रां परमब्रह्मणे अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ताजे फल यह सरस मँगाए, मोक्ष महाफल पाने आए।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।8।।

ॐ ह्रां परमब्रह्मणे अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्घ्य बनाया मंगलकारी, पद अनर्घ पाएँ शुभकारी।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।9।।

ॐ ह्रां परमब्रह्मणे अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मंगल द्रव्य रही शुभकारी, अर्चा हम करते मनहारी।
अर्हन्तों को पूज रचाएँ, अपने हम सौभाग्य जगाएँ।।

शान्त्ये शांतिधारा (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

अथः स्तुति

दश गुण अर्जित दिव्य गात्र शुभ, तव चरणों में करूँ नमन्।
कोटि-प्रभाकर श्रेष्ठ निशाकर, जैत्र तेज तव पद अर्चन।।
दुर्जय घातिकर्म के जेता, चिर कालिक तव चरण नमन्।
घातोपजात सार दश गुणमय, शोभित तव करते वर्णन।।1।।

सुर निकाय से अर्चित जिनवर, करते हैं प्रभु गगन गमन।
दिव्य चतुर्दश अतिशयधारी, तव चरणों में करूँ नमन्।।
त्रिभुवन अधिपति सूचक अनुपम, प्रातिहार्य वसु हैं लक्षण।
अरिनाशक अर्हंत प्रभु तव, चरणों में शत्-शत् वंदन।।2।।

श्रेष्ठ परम केवल लब्धि के, धारी हैं तव चरण नमन्।
सम समस्त पद आलोकित जिन, तव पद में शत्-शत् वंदन।।
हे निरंत ! बल निरुपमान हे ! नित्य सौख्यकारी अर्हन्।
नित्य निरंजन चरण आपके, विशद भाव से विशद नमन्।।3।।

मुख्य सकल वस्तु मंगलमय, धारी तव पद में वंदन।
पाप हारि शिव सुखप्रद स्वामी, तव चरणों में करूँ नमन्।।
लोकपूज्य उत्तम त्रय जग में, करते तव पद में अर्चन।
शरण भूत तुम तीन लोक में, रक्षक तव पद करूँ नमन्।।4।।

पूर्व लब्ध केवल लब्धि नव, तव चरणों में विशद नमन्।
परमैश्वर्योपलब्धि धारी, तव पद में शत्-शत् वंदन।।
यूथ नाथ मुनि कुञ्जर हो तुम, तव पद करते हम अर्चन।
तीन लोक के एक नाथ तव, पद में हो सविनय वंदन।।5।।

(इति जिनार्चाभिमुखं स्तुतिं पठेत्) (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

अथातः सिद्धार्चन विधानं

स्थापना

तिष्ठे अष्टम भूमि शिखर पर, सौख्य संपदानंद महान्।
सिद्धि मुक्ति वनिता की भाँति, सिद्ध प्रभु सम आये समान।।
लोकालोक समान निरंतर, करने वाले हैं कल्याण।
परम विशुद्ध सिद्ध जिन का हम, करते हैं उर में आह्वान्।।
हृदय कमल पर तिष्ठा करके, अपने उर में ध्याते हैं।
सिद्धी दो हे नाथ ! हमें हम, सादर शीश झुकाते हैं।।

ॐ णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिन् ! अत्र एहि-एहि संवौषट् आह्वाननं।
ॐ णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिन् ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिन् ! अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकं

प्रासुक निर्मल नीर चढ़ाएँगे, जन्म-जरादि रोग नशाएँगे।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धाधिपतये जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन केसर संघ घिसा लाए, भव संताप मेरा भी नश जाए।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धाधिपतये चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत बासमती के लाए हैं, अक्षय पद हम पाने आए हैं।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धाधिपतये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

भाँति-भाँति के पुष्प मँगाए हैं, रति दोष को हरने आए हैं।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धाधिपतये पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत के व्यंजन सरस बनाए हैं, क्षुधानाश के भाव जगाए हैं।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धाधिपतये नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगमग-जगमग दीप जलाए हैं, मोह नशाने को हम आए हैं।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धाधिपतये दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि में हम धूप जलाएँगे, अपने आठों कर्म नशाएँगे।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धाधिपतये धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ताजे फल यह महिमाकारी हैं, मुक्ति की अब मेरी बारी है।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धाधिपतये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट द्रव्य का अर्घ्य बनाए हैं, पद अनर्घ्य पाने हम आए हैं।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धाधिपतये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हम जलादि यज्ञांग ले आये हैं, मंगल द्रव्य चढ़ाने लाए हैं।
सिद्धों की हम स्तुति गाएँगे, सिद्धश्री को हम भी पाएँगे।।

शान्त्ये शांतिधारा (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

अथ सिद्ध स्तुति

सोरठा

अचल अधिष्ठित श्रेष्ठ, पुरुषार्थी तव पद नमन।
सिद्ध भट्टारक ज्येष्ठ, निष्ठितार्थ हे निरंजन !।।1।।

स्व प्रदाय तव पाद, अचल आपके पद नमन्।
अक्षय अव्याबाध, तुमको वंदन हम करें।।2।।

हे अनंत विज्ञान !, दृष्टि वीर्य सुख प्रद नमो।
करें आपका ध्यान, नीरज निर्मल तव चरण सदा।।3।।

नमूँ तुम्हें अच्छेद्य, अप्रमेय अक्षय तुम्हीं।
ध्यायूँ प्रभो अभेद्य, मन-वच-तन से आपको।।4।।

गौरव लाघववान, अगर्भ वास तव पद नमन्।
हे अक्षोभ्य ! गुणवान, अविलीन तुमको नमूँ।।5।।

नमूँ परम काष्ठात्म, योगरूप धारी परम।
अनंत गुणाश्रय आत्म, लोकाग्रवासी पद नमन्।।6।।

सिद्ध अधिष्ठित निष्ठ, हे अशेष ! पुरुषार्थी।
भूरि-भूरि विशिष्ट, सिद्ध भट्टारक पद नमन्।।7।।

(शम्भू छन्द)

सब तत्त्वार्थ बोध के धारी, विविध दुरित हे शुद्धीवान।
युक्ति शास्त्र अविरुद्ध आप हो, हे समृद्ध परम सुखवान।।
बहुविध गुण वृद्धिधारी हे, सर्वलोक में आप प्रसिद्ध।
विशद भाव से स्तुति करता, प्रमित सुनय जो हुए हैं सिद्ध।।

(इति सिद्ध भक्ति विधानम्) (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

अथ महर्षि पर्युपासन विधिः

स्थापना

जो-जो हैं अनगार ऋषिगण, श्रेष्ठ मुनीश्वर यती महान्।
जिन मुद्रा को धारण करते, निजानंद करते रसपान।।
शील और गुण की सिद्धि के, हेतु हम करते अर्चन।
उनके पद पंकज का करते, विशद हृदय में आह्वानन्।
ऋद्धि सिद्धियाँ तुमने पाईं, महिमाशाली सर्व प्रधान।
आप समान सिद्धि दो हमको, करते हम भी तव गुणगान।।

ॐ सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र पवित्रतरगात्र चतुरशीतिलक्षणगुणगणधरचरणाः ! अत्र एहि-एहि संवौषट् आह्वाननं।

ॐ सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र पवित्रतरगात्र चतुरशीतिलक्षणगुणगणधरचरणाः !अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र पवित्रतरगात्र चतुरशीतिलक्षणगुणगणधरचरणाः !अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(अथाष्टकं -चाल छन्द)

जल प्रासुक भर के लाए, भव रोग नशाने आए।
मुनिवर ऋद्धि के धारी, हैं जग में मंगलकारी।।1।।

ॐ गणधर चरणेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन है खुशबू वाला, भव ताप नशाने वाला।
मुनिवर ऋद्धि के धारी, हैं जग में मंगलकारी।।2।।

ॐ गणधर चरणेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षय अक्षत हम लाए, अक्षय पद पाने आए।
मुनिवर ऋद्धि के धारी, हैं जग में मंगलकारी।।3।।

ॐ गणधर चरणेभ्यः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

हम पुष्प चढ़ाने लाए, मम काम नाश हो जाए।
मुनिवर ऋद्धि के धारी, हैं जग में मंगलकारी।।4।।

ॐ गणधर चरणेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद्य सरस मनहारी, है क्षुधा विनाशन कारी।
मुनिवर ऋद्धि के धारी, हैं जग में मंगलकारी।।5।।

ॐ गणधर चरणेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगमग यह दीप जलाए, मोहान्ध नशाने आए।
मुनिवर ऋद्धि के धारी, हैं जग में मंगलकारी।।6।।

ॐ गणधर चरणेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि में गंध जलाएँ, आठों हम कर्म नशाएँ।
मुनिवर ऋद्धि के धारी, हैं जग में मंगलकारी।।7।।

ॐ गणधर चरणेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

हम श्रीफल सरस चढ़ाएँ, शुभ मोक्ष महाफल पाएँ।
मुनिवर ऋद्धि के धारी, हैं जग में मंगलकारी।।8।।

ॐ गणधर चरणेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

हम आठों द्रव्य मिलाएँ, अब पद अनर्घ प्रगटाएँ।
मुनिवर ऋद्धि के धारी, हैं जग में मंगलकारी।।9।।

ॐ गणधर चरणेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ स्तुति

सब तीर्थों में होने वाले, सप्त ऋषि पाए चउ ज्ञान।
जगत् हितैषी के पद वंदन, तीन योग से करूँ महान्।।

औषधि रसबल बुद्धि विक्रिया, तप अक्षीण सप्त ये नाम।
अखिल ऋषि ऋद्धिधारी पद, नित्य स्मरण सहित प्रणाम।।

सब तीर्थों के अंतराल में, सप्त ऋषि यह महति महान्।
भव सागर से पार हेतु तव, हो प्रसन्न दो करुणा दान।।

केवलज्ञानी श्रुतकेवली, प्राप्त अवधि मनःपर्यय ज्ञान।
शिक्षक वादी श्रेष्ठ विक्रिया, धारी सप्त ऋषि गुणगान।।

मुख्य प्रमत्तादि पदधारी, ढाई द्वीप में महिमावान्।
ऊन तीन नव कोटि मुनि के, पद में वंदन विशद महान्।।

(इति महर्षि पर्युपासन विधिः) (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

अथातः स्वस्त्ययन विधान

(शम्भू छंद)

अर्हत् पञ्च कल्याणकधारी, श्रीयुत तीर्थंकर भगवान।
शेष केवली सर्व लोक के, अतिशयकारी रहे महान्।।
वागातम हे भाग्य विधाता !, अर्चनीय हैं जिन अविकार।
विघ्नों को उपशांत करो प्रभु, आप लोक में मंगलकार।।1।।
मूल और उत्तर गुणधारी, संज्ञा तुम पाये अनगार।
है निरवद्य चर्या निर्ग्रंथ मुनि, शुद्ध ध्यान के हो आधार।।
भवि जीवों के भाग्य विधाता, अर्चनीय हैं जिन अविकार।
विघ्नों को उपशांत करो प्रभु, आप लोक में मंगलकार।।2।।
अणिमादि शुभ अष्ट ऋद्धियाँ, अरु अक्षीण विक्रियावान।
राजऋषि सुर नर से पूजित, अतिशयकारी महिमावान।।3।।
अणिमादि शुभ अष्ट ऋद्धियाँ, अरु अक्षीण विक्रियावान।
राजऋषि सुर नर से पूजित, अतिशयकारी महिमावान।।4।।
कोष्ठ बुद्धयादि चउ विधि शुभ, आमर्षौषधि ऋद्धीवान।
ब्रह्म ऋषीश्वर नित्य अहर्निश, आत्म ब्रह्म का करते ध्यान।।5।।
जल आदि नाना विधि चारण, अंबर चारण ऋद्धीधार।
देव ऋषि नव देव वृंद शुभ, अतिशय पाते मंगलकार।।6।।
क्रोधानंत परम ज्योति युत, लोकालोक प्रकाशी नाथ।
ऋषियों से जो वंदनीय हैं, परम ऋषि कहलाए साथ।।7।।
श्रेणी द्वय आरोहण करते, सावधान होकर अविकार।
वे सब महामुनि वंदित हैं, कर्मोपशांत करें क्षयकार।।8।।
जो समग्र या एक देश में, हैं प्रत्यक्ष अत्यक्ष महान्।
सुख में जो अनुरक्त मुनीश्वर, जगत् मान्य हैं महिमावान।।9।।

उग्र दीप्त तप महातपोतप, घोर महाघोराति घोर।
उक्त साधना करने वाले, निवृत्त होते भाव विभोर।।10।।
श्रेष्ठ वचन बल काय मनोबल, अष्टांग निमित्तक महति महान्।
क्षीरामृतस्रावी भवि निवृत्त, ऋद्धिधारी अति गुणवान।।11।।
प्रमुख रहे प्रत्येक बुद्ध मुनि, शेष विविध ऋद्धि संयुक्त।
सर्व मोक्ष के राही अनुपम, सभी विकारों से उन्मुक्त।।12।।
शाप अनुग्रह शक्ति आदि की, रुचि से हैं जो रहित मुनीश।
जिन गुणस्तवन में रत रहते, ज्ञानी ध्यानी परम ऋशीष।।

(इति स्वस्त्ययनं मनः प्रसादन विधानम्) (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

सहस्त्रनाम विधान पूजन

स्थापना

हे तीर्थ प्रवर्तक तीर्थंकर !, हे सहस्र आठ गुण के धारी।
हे विश्व पूज्य ! हे समदृष्टा !, सर्वज्ञ देव मंगलकारी।।
हे ज्ञानसूर्य ! हे तेज पुञ्ज !, आनन्द कन्द हे त्रिपुरारी ! ।
हे धर्मसुधाकर चिदानन्द !, करुणा निधान हे दुःखहारी !।।
आह्वानन करके आज तुम्हें, उर में अपने बैठाते हैं।
शुभ सहस्रनाम के द्वारा हम, प्रभु गीत आपके गाते हैं।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूह ! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूह ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूह ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

शुभ जल के कलशा प्रासुक कर, हम पूजन करने आये हैं।
त्रय रोग नशाने हे भगवन !, त्रयधार कराने लाये हैं।।
ये सहस्रनाम पावन जग में, जग जीवों का हितकारी है।
हम सहस्रनाम को प्राप्त करें, यह इच्छा विशद हमारी है।।1।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो जन्म-जरा-मृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

भव वन में घूम रहे हैं हम, पर साता कहीं न पाई है।
यह सुरभित गंध सुगन्धित ले, शुभ पद में आन चढ़ाई है।।
ये सहस्रनाम पावन जग में, जग जीवों का हितकारी है।
हम सहस्रनाम को प्राप्त करें, यह इच्छा विशद हमारी है।।2।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

निज निधि को भूल रहे हैं हम, अक्षय पद हमने न पाया।
यह अक्षय लाये आज चरण, उस पद को मम मन ललचाया।।
ये सहस्रनाम पावन जग में, जग जीवों का हितकारी है।
हम सहस्रनाम को प्राप्त करें, यह इच्छा विशद हमारी है।।3।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो अक्षयपद प्राप्ताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

घातक है जग में प्रबल काम, सबके मन में विकृति लाए।
हो कामवासना पूर्ण नाश, यह पुष्प मनोहर हम लाए।।
ये सहस्रनाम पावन जग में, जग जीवों का हितकारी है।
हम सहस्रनाम को प्राप्त करें, यह इच्छा विशद हमारी है।।4।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो कामबाण विध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

हम कर्म असाता के कारण, सदियों से जग में भटकाए।
अब क्षुधा वेदना नाश हेतु, नैवेद्य चरण में हम लाए।।
ये सहस्रनाम पावन जग में, जग जीवों का हितकारी है।
हम सहस्रनाम को प्राप्त करें, यह इच्छा विशद हमारी है।।5।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हम ज्ञान बिना इस भव वन में, दर-दर की ठोकर खाए हैं।
अब मोह अंध के नाश हेतु, यह दीप जलाकर लाए हैं।।
ये सहस्रनाम पावन जग में, जग जीवों का हितकारी है।
हम सहस्रनाम को प्राप्त करें, यह इच्छा विशद हमारी है।।6।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

वसुकर्म आत्मा को मलीन, सदियों से करते आए हैं।
निज वैभव पाने हेतु अमल, दश गन्ध जलाने लाए हैं।।
ये सहस्रनाम पावन जग में, जग जीवों का हितकारी है।
हम सहस्रनाम को प्राप्त करें, यह इच्छा विशद हमारी है।।7।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

इस जग के सारे फल खाए, पर शिवफल प्राप्त न कर पाए।
अब मोक्ष महाफल पाने को, हम श्रीफल चरणों में लाए।।
ये सहस्रनाम पावन जग में, जग जीवों का हितकारी है।
हम सहस्रनाम को प्राप्त करें, यह इच्छा विशद हमारी है।।8।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

आठों कर्मों के कारण से, मम अष्ट सुगुण न प्रकट हुए।
अब पद अनर्घ्य हो प्राप्त हमें, हम पद में आये अर्घ्य लिए।।
ये सहस्रनाम पावन जग में, जग जीवों का हितकारी है।
हम सहस्रनाम को प्राप्त करें, यह इच्छा विशद हमारी है।।9।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो अनर्घ्यपद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रासुक लेकर नीर से देते शांतिधार।
पुष्पाञ्जलि करते परम, पाने शिव उपहार।। *शान्त्ये शांतिधारा...*

श्रेष्ठ सुगन्धित पुष्प यह, लेकर दोनों हाथ।
पुष्पाञ्जलि करते परम, पाने शिवपद नाथ।।*पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्*

(नोट- जिन्हें सहस्रनाम के अर्घ्य देना इष्ट हो वह सहस्रनाम विधान से दें अथवा पेज नं. 132 से दे। जो आहूति देना चाहते हैं वह धूपादि से आहुति दे सकते हैं।)

प्रथम वलयः

दोहा- सहस्रनाम के हम यहाँ, चढ़ा रहे हैं अर्घ्य।
पुष्पाञ्जलि करते विशद, पाने सुपद अनर्घ्य।।

(इति मण्डलयोपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

प्रथम नाम श्रीमान् से लेकर, त्रिजगत् परमेश्वर शत् नाम।
सुर-नर इन्द्रों से जो पूजित, तिनको हम भी करें प्रणाम।।
नाम मंत्र का जाप निरन्तर, करके हम सिद्धी पाएँ।
तुम सम सिद्ध सुखों को पाकर, निज गुण में ही रम जाएँ।।1।।

ॐ ह्रीं **श्रीमदादिशतनामावलिभ्यः** अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिव्य भाषापति आदि करके, विश्व विद्यामहेश्वर अन्त।
नाममंत्र शत् के धारी जिन, होते तीर्थंकर भगवन्त।।
अतिशय श्रद्धा भक्ति द्वारा, नाम मंत्र का जाप करें।
कर्म महातम का छाया जो, सारा वह संताप हरें।।2।।

ॐ ह्रीं **दिव्यभाषापत्यादिशतनामेभ्यः** अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'स्थविष्ठ' को आदि करके, अन्त पुराण पुरुषोत्तम नाम।
सौ नामों का जाप स्तवन, पूजा कर पाया विश्राम।।
नाम मंत्र की महिमा प्रभु के, सारे जग में अपरम्पार।
भाव सहित हम अर्घ्य चढ़ाते, वन्दन करते बारम्बार।।3।।

ॐ ह्रीं **स्थविष्ठादिशतनामेभ्यः** नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

महाशोक ध्वज आदि नाम हैं, भुवनेकपितामह अन्तिम नाम।
सुर-नर इन्द्रों से पूजित जिन, प्रभु के चरणों विशद प्रणाम।।
एक-एक शुभ नाम मंत्र यह, सर्व जहाँ में मंगलकार।
अर्घ्यं चढ़ाकर पूजा करते, इन्द्र बोलते जय-जयकार।।4 ।।

ॐ ह्रीं **महाशोकध्वजादिशतनामेभ्यः** अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री वृक्ष लक्षणादि प्रभु के, नाम कहे हैं मंगलकार।
भाव सहित प्रभु नाप जाप कर, प्राणी होते भव से पार।।
विशद योग से तीर्थंकर के, ध्याते हैं हम भी यह नाम।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाकर, करते बारम्बार प्रणाम।।5 ।।

ॐ ह्रीं **श्रीवृक्षलक्षणादिशतनामेभ्यः** अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

महामुनि शुभ नाम आदि कर, रहा अरिञ्जय अन्तिम नाम।
भाव सहित यह नाम जाप कर, प्राणी पावें मुक्ति धाम।।
नाम जाप की महिमा जग में, कही गई है अपरम्पार।
अष्ट द्रव्य से पूजा करके, करें वन्दना बारम्बार।।6 ।।

ॐ ह्रीं **महामुन्यादिशतनामेभ्यः** अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रथम असंस्कृत को आदिकर, अन्त दमेश्वर तक सौ नाम।
पूज्य हुए हैं तीन लोक में, उनको बारम्बार प्रणाम।।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य चढ़ाकर, करते हम सम्यक् अर्चन।
तव पद पाने हेतु प्रभु हो, चरणों में शत्-शत् वन्दन।।7 ।।

ॐ ह्रीं **असंस्कृतसुसंस्कारादिशतनामेभ्यः** अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'वृहद्बृहस्पति' नाम आदि सौ, पाने वाले जगत महान्।
सर्व अमंगल हरने वाले, करते हैं जग का कल्याण।।

भवि जीवों के भाग्य विधाता, सर्व जहाँ में अपरम्पार।
विशद भाव से वन्दन करते, प्रभु चरणों में बारम्बार।।8 ।।

ॐ ह्रीं **वृहद्बृहस्पत्यादिशतनामेभ्यः** अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु त्रिकालदर्शी आदिकर, पृथु नाम तक सौ यह नाम।
श्रेष्ठ सुसुन्दर विस्मयकारी, शोभनीक अतिशय अभिराम।।
चिन्तन मनन ध्यान कर प्राणी, कर देते कर्मों का क्षय।
सहस्रनाम में वर्णित अनुपम, इन नामों की जय-जय-जय।।9 ।।

ॐ ह्रीं **त्रिकालदर्श्यादिशतनामेभ्यः** अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिग्वासादि को आदिकर, नाम एक सौ आठ महान्।
नाम मंत्र यह जाप करे कोई, कोई करता है गुणगान।।
विशद भाव से अर्चा करके, ध्याता हूँ मैं यह शुभ नाम।
मोक्ष मार्ग पर बढ़ने हेतु, करता बारम्बार प्रणाम।।10 ।।

ॐ ह्रीं **दिग्वासादिअष्टोत्तरशतनामेभ्यः** अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

एक सहस्र आठ शुभ गाए, शुभकारी जिनवर के नाम।
इनको ध्याने वाला पाए, अतिशयकारी मुक्ति धाम।।
विशद भाव से अर्चा करके, ध्याता हूँ मैं यह शुभ नाम।
मोक्ष मार्ग पर बढ़ने हेतु, करता बारम्बार प्रणाम।।11 ।।

ॐ ह्रीं **श्रीमान् आदि सहस्राष्टनामेभ्यः** पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा- **जिनवर तीनों लोक में, होते पूज्य त्रिकाल।**
सहस्रनाम की गा रहे, भाव सहित जयमाल।।

चौपाई

जय-जय तीन लोक के स्वामी, त्रिभुवनपति हे अन्तर्यामी।
पूर्व भवों में पुण्य कमाया, पुण्योदय से नरभव पाया।।

तन निरोग पाकर के भाई, सुकुल प्राप्त कीन्हा सुखदायी।
तुमने उर में ज्ञान जगाया, अतिशय सम्यक् दर्शन पाया।।
भाव सहित संयम अपनाए, भव्य भावना सोलह भाए।
तीर्थंकर प्रकृति शुभ पाई, स्वर्गों के सुख भोगे भाई।।
गर्भादि कल्याणक पाए, रत्न इन्द्र भारी बरषाए।
छह महीने पहले से भाई, देवों ने नगरी सजवाई।।
जन्म कल्याणक प्रभु जी पाये, सहस्राष्ट शुभ गुण प्रगटाए।
गुणानुरूप नाम भी पाए, सहस्र आठ संख्या में गाए।।
नाम सभी सार्थक हैं भाई, सहस्र नाम की महिमा गाई।
तीर्थंकर पदवी के धारी, नामों के होते अधिकारी।।
मंत्र सभी यह नाम कहाए, मंत्रों को श्रद्धा से गाए।
ऋद्धि-सिद्धि सौभाग्य जगाए, जो भी इनका ध्यान लगाए।।
महिमा का न पार है भाई, श्री जिनेन्द्र की है प्रभुताई।
जगत प्रकाशी जिन कहलाए, ज्ञानादर्श सुगुण प्रभु पाए।।
श्री जिनेन्द्र रत्नत्रय पाए, अनंत चतुष्टय प्रभु प्रगटाए।
धर्म चक्र शुभ प्रभु जी धारे, समवशरणयुत किए विहारे।।
समवशरण शुभ देव बनाते, श्री जिनवर की महिमा गाते।
प्राणी अतिशय पुण्य कमाते, पूजा अर्चा कर हर्षाते।।
जय-जयकार लगाते भाई, यह है जिनवर की प्रभुताई।
पुरुषोत्तम यह नाम कहाए, उनकी यह शुभ माल बनाए।।
अर्पित करते तव पद स्वामी, करते हम तव चरण नमामी।
नाथ ! प्रार्थना यही हमारी, दो आशीष हमें त्रिपुरारी।।
रत्नत्रय की निधि हम पाएँ, शिवपथ के राही बन जाएँ।
शिव स्वरूप हम भी प्रगटाएँ, शिवपुर जाकर शिवसुख पाएँ।।

दोहा- **सहस्रनाम का कंठ में, धारें कंठाहार।**
विशद गुणों को प्राप्त कर, पावें शिव का द्वार।।

ॐ ह्रीं श्री चतुर्विंशतितीर्थंकर अष्टोत्तर सहस्रनाम समूहेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- **जिन गुण के अनुपम सुमन, जग में रहे महान्।**
पुष्पाञ्जलि कर पूजते, पाने पद निर्वाण।।

।। इत्याशीर्वादः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।।

अथ श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्र पूजा

स्थापना

चन्द्रपुरी के श्रेष्ठ चन्द्र जिन, लक्षण पाए चन्द्र महान्।
चन्द्रकांत सम कांति पाए, रूप चन्द्र सम महिमावान।।
चन्द्र इन्द्र सम कीर्तिधारी, चन्द्रप्रभु तव पद अर्चन।
हृदय सरोवर के अम्बुज पर, करते हैं हम आह्वानन्।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(चौपाई)

भक्ति भाव से अर्चा करते, शीतल वारि सुघट में भरते।
ताप त्रय हरने हम आए, चन्द्रप्रभु पद शीश झुकाए।।1।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

भक्ति भाव से अर्चा करते, चंदन शीतल कर में धरते।
भव आताप नशाने आए, चन्द्रप्रभु पद शीश झुकाए।।2।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

शाल्याक्षत के पुंज बनाए, शुभ अखण्ड थाली भर लाए।
अक्षय पद पाने हम आए, चन्द्रप्रभु पद शीश झुकाए।।3।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्ताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

जुही मल्लिका पाटल लाए, पुष्प अर्चना हेतु पाए।
काम शत्रु मेरा नश जाए, चन्द्रप्रभु पद शीश झुकाए।।4।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय कामबाण विनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत से पूरित व्यंजन लाए, अर्चा करके हम हर्षाए।
क्षुधारोग नाशन को आए, चन्द्रप्रभु पद शीश झुकाए।।5।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्न पुंज के दीप जलाए, भक्ति से अर्चा को आए।
मोह तिमिर हरने हम आए, चन्द्रप्रभु पद शीश झुकाए।।6।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशांगी शुद्ध बनाए, मन अर्चा करके हर्षाए।
अपने कर्म नशाने आए, चन्द्रप्रभु पद शीश झुकाए।।7।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय अष्टकर्म विध्वंसनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

पिस्ता आम खजूर सुपारी, लौंग नारियल भर के थारी।
मोक्ष महाफल पाने आए, चन्द्रप्रभु पद शीश झुकाए।।8।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधाक्षत पुष्प मंगाए, चरु दीप धूपादि लाए।
पद अनर्घ पाने हम आए, चन्द्रप्रभु पद शीश झुकाए।।9।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

चन्द्रप्रभु जी चन्द्र किरण सम, धवल रहे अतिशयकारी।
मानो श्रेष्ठ चन्द्रमा दूजे, उदित हुए मंगलकारी।।
इन्द्रादि से वन्दनीय हैं, ऋषिपति हे जिनराज प्रभो !
बंध कषाय विजित हो अतएव, वंदू तुमरे चरण विभो।।1।।

जैसे दिनकर किरण तिमिर को, कर देती है नाश अहा।
देह कांति का सर्व लोक में, वैसा श्रेष्ठ प्रकाश रहा।।
सूर्य कांति जो बाह्य तिमिर की, नाशक जग में कहलाई।
ध्यान दीप की अतिशय कांति, अंतरतम हरती भाई।।2।।
स्वयं पक्ष को श्रेष्ठ मानते, रहे प्रवादी मद में चूर।
वचन रूप तव सिंहनाद से, निर्मद होते सारे क्रूर।।
मद से आर्द्र हुए हैं जिनके, गण्डस्थल जैसे गजराज।
सिंह गर्जना सुनकर भागे, गजराजों का सकल समाज।।3।।
अद्भुत कर्म तेज के धारी, सर्वलोक में परम पवित्र।
ज्ञानानन्त के धारी शाश्वत, विश्व नेत्र जन-जन के मित्र।।
सर्व दुःखनाशक जिनशासन, तीन लोक में श्रेष्ठ महान्।
स्थित करें परम पद में जो, त्रिभुवन वंदित रहा प्रधान।।4।।
सर्व दोष रूपी मेघों के, सघन कलंक रहित मनहार।
दिव्य ध्वनि अविरोध किरण से, प्रगटित होती मंगलकार।।
भव्य जीवरूपी कुमुदों को, करे प्रफुल्लित चन्द्र समान।
पावन करो पवित्र मेरा मन, करुणा कर मेरे भगवान।।5।।
जिन चन्द्रप्रभु हैं परम पावन, पूज्य पंकज द्वय चरण।
स्मरशरासन अपह अघमद, भव जलधि तारण तरण।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हैं संसार सरोवर तारक, चन्द्रनाथ जिनपति भगवान।
गणधर हैं वैदर्भ पिताश्री, नृप सुग्रीव गुणों की खान।।
शुभ्र अंशु छवि धारी निर्मल, मुक्ति रमा के ईश महान्।
धनुष डेढ़ सौ है ऊँचाई, चन्द्र मृगाङ्कित है पहिचान।।

(इत्याशीर्वादः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

अथ द्वितीय वलय पूजा

द्वितीय वलय में वर्तमान 24 तीर्थंकर के अर्घ्य चढ़ावें एवं शासन यक्ष-यक्षियों को भेट दें।

स्थापना

कर्म रूप कल्मष रिपु जिनने, जीते पाया केवलज्ञान।
दिव्य ध्वनि से बोध जगाये, अखिल लोक में जिन भगवान।।
अक्षय निवृत्ति पाने वाले, वृषभादि महावीर महान्।
समृद्धि सौभाग्य प्रदायक, जिन का करते हम आह्वान।।

ॐ ह्रीं वृषभादि वर्द्धमानपर्यन्त चतुर्विंशति जिनेन्द्रः ! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं वृषभादि वर्द्धमानपर्यन्त चतुर्विंशति जिनेन्द्रः ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं वृषभादि वर्द्धमानपर्यन्त चतुर्विंशति जिनेन्द्रः ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

जिनशासन के देव ये, भक्ति परायण जान।
चौबिस गोमुख आदि शुभ, शांति करें महान्।।

ॐ ह्रीं आं क्रों ह्रीं गोमुखाद्याः चतुर्विंशतिप्रमाः जिनशासनदेवाः ! अत्र आगच्छ-आगच्छ।
ॐ ह्रीं आं क्रों ह्रीं गोमुखाद्याः चतुर्विंशतिप्रमाः जिनशासनदेवाः ! स्वस्थाने तिष्ठः तिष्ठः।
ॐ ह्रीं आं क्रों ह्रीं गोमुखाद्याः चतुर्विंशतिप्रमाः जिनशासनदेवाः ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

भक्त वत्सला देवियाँ, करें प्रभु गुणगान।
चक्रेश्वर्यादि सभी, शांति करें महान्।।

ॐ ह्रीं आं क्रों ह्रीं चक्रेश्वर्यादि चतुर्विंशति जिनशासनदेव्यः ! आगच्छ-आगच्छ।
ॐ ह्रीं आं क्रों ह्रीं चक्रेश्वर्यादि चतुर्विंशति जिनशासनदेव्यः ! स्वस्थाने तिष्ठः तिष्ठः।
ॐ ह्रीं आं क्रों ह्रीं चक्रेश्वर्यादि चतुर्विंशति जिनशासनदेव्यः ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक (छन्द-मोतियादाम)

चढ़ाते हैं प्रासुक यह नीर, मिटाने जन्म-जरा की पीर।
हुए जो तीर्थंकर चौबीस, चरण में झुका रहे हम शीश।।1।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चढ़ाने लाए गंध विशेष, नाश हो भव आताप जिनेश।
हुए जो तीर्थंकर चौबीस, चरण में झुका रहे हम शीश।।2।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो भवातापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

चढ़ाते अक्षत धवल अनूप, प्राप्त हो अक्षय निज स्वरूप।
हुए जो तीर्थंकर चौबीस, चरण में झुका रहे हम शीश।।3।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अक्षयपदप्राप्ताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्प यह लाए विविध प्रकार, काम का करने हम संहार।
हुए जो तीर्थंकर चौबीस, चरण में झुका रहे हम शीश।।4।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो कामबाणविनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

चढ़ाते यह नैवेद्य महान्, मिटे मम क्षुधा रोग भगवान।
हुए जो तीर्थंकर चौबीस, चरण में झुका रहे हम शीश।।5।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

करे यह दीपक तम का नाश, मोह हो मेरा पूर्ण विनाश।
हुए जो तीर्थंकर चौबीस, चरण में झुका रहे हम शीश।।6।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप यह जला रहे शुभकार, कर्म का करने हम संहार।
हुए जो तीर्थंकर चौबीस, चरण में झुका रहे हम शीश।।7।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस फल भर के लाए थाल, मोक्ष फल पाने यहाँ विशाल।
हुए जो तीर्थंकर चौबीस, चरण में झुका रहे हम शीश।।8।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

चढ़ाने लाए हैं यह अर्घ्य, प्राप्त हो हमको सुपद अनर्घ।
हुए जो तीर्थंकर चौबीस, चरण में झुका रहे हम शीश।।9।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

सोरठा- मरुदेवी के लाल, नाभिराय के सुत कहे।
चरण झुकाएँ भाल, ऋषभनाथ के चरण में।।1।।

ॐ ह्रीं श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(गीता छन्द)

श्री आदि जिन की शरण में, जो भक्ति करते भाव से।
गोवक्त्र (गोवदन) यक्ष चरणों में आके, गीत गाते चाव से।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिन से अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।1।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री वृषभदेवस्य शासनदेव गोमुखाय यक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

(शम्भू छन्द)

चक्रेश्वरी यक्षिणी आकर, गीत भक्ति के गाती है।
आदिनाथ के समवशरण में, जयकारा लगवाती है।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।1।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री वृषभदेवस्य शासनदेवी चक्रेश्वरी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

सोरठा- अजितनाथ भगवान, कर्मशत्रु को जीतकर।
जग में हुए महान्, जिन पद वंदन हम करें।।2।।

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो अजित जिन की भक्ति करने, भाव से आते रहे।
वह महायक्ष आये चरण में, गीत शुभ गाते रहे।।

शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।2।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री अजितनाथस्य शासनदेव महायक्षाय अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

स्वयं रोहिणी यक्षी देवी, समोशरण में आती है।
अजितनाथ की भक्ति करके, जय-जयकार लगाती है।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।2।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री अजितनाथस्य शासनदेवी रोहिणी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

अश्व चिह्न पहिचान, संभवनाथ जिनेन्द्र की।
करें विशद गुणगान, जिन गुण पाने के लिए।।3।।

ॐ ह्रीं श्री संभवनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो श्री सम्भव जिनेश्वर, की शरण आते रहे।
वह यक्ष त्रिमुख जिन प्रभु के, चरणों सिर नाते रहे।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।3।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री संभवनाथस्य देवस्य शासनदेव त्रिमुखाय अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

सम्भव जिन के समवशरण में, प्रज्ञप्ती यक्षी आवे।
जिन शासन की बाधाएँ हर, श्री जिनेन्द्र के गुण गावे।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।3।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री संभवनाथस्य शासनदेवी प्रज्ञप्ती यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

अभिनंदन जिनदेव, चरण वंदना हम करें।
विनती करें सदैव, चरण-शरण हमको मिले।।4।।

ॐ ह्रीं श्री अभिनंदननाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो सदा तीर्थेश-चौथे, की शरण आते रहे।
यक्ष यक्षेश्वर चरण में, गीत शुभ गाते रहे।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।4।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री अभिनंदननाथस्य शासनदेव यक्षेश्वराय अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

वज्रश्रृंखला यक्षी आकर, अभिनन्दन के गुण गावे।
जिन भक्तों के कष्ट निवारे, अपनी महिमा दिखलावे।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।4।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री अभिनंदननाथस्य शासनदेवी वज्रश्रृंखला यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

सुमतिनाथ पद माथ, झुका रहे हम भाव से।
मुक्ति पथ में साथ, दीजे हमको जिन प्रभो !।।5।।

ॐ ह्रीं श्री सुमतिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुमति जिन की शरण में, जो भाव से आते रहे।
तुम्बरु वह यक्ष आकर, जिनके गुण गाते रहे।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।5।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री सुमतिनाथस्य शासनदेव तुम्बुराय अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

वज्रांकुशा यक्षिणी आकर, सुमतिनाथ के गुण गावे।
जिन भक्ति में रत होकर के, चरणों में बलि-बलि जावे।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।5।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री सुमतिनाथस्य शासनदेवी वज्रांकुशाय यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

नृप धारण के लाल, पद्मप्रभ हैं पद्म सम।
वन्दन करें त्रिकाल, तव पद पाने के लिए।।6।।

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पद्म प्रभु की भक्ति करने, भाव से आते रहे।
मातंग यक्ष चरणों में आके, जिनके गुण गाते रहे।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।6।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री पद्मप्रभनाथस्य शासनदेव मातंगयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

अप्रति चक्रेश्वरी यक्षिणी, अपनी महिमा दिखलावे।
सद्भक्तों की संकटहारी, पद्मप्रभ जिन को ध्यावे।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।6।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री पद्मप्रभनाथस्य शासनदेवी अप्रतिचक्रेश्वरी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

श्री सुपार्श्व के पाद, स्वस्तिक लक्षण शोभता।
रहे सभी को याद, जिनवर की महिमा अगम।।7।।

ॐ ह्रीं श्री सुपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन सुपारस के चरण में, भक्ति करते भाव से।
विजय यक्ष आके शरण में, गीत गाते चाव से।।
शासन सुरक्षा निज प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।7।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री सुपार्श्वनाथस्य शासनदेव विजययक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

जिसका नाम पुरुषदत्ता है, वह रहती भक्ति में लीन।
श्री सुपार्श्व की कही यक्षिणी, भक्ति में नित रही प्रवीण।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।7।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री सुपार्श्वनाथस्य शासनदेवी पुरुषदत्ता यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

कान्ति चन्द्र समान, चन्द्र चिह्न जिनका परम।
इन्द्र करें गुणगान, भक्ति में तल्लीन हो।।8।।

ॐ ह्रीं श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्द्रप्रभु के यक्ष आये, अजित जिसका नाम था।
जिन प्रभु की भक्ति करना, मुख्य जिसका काम था।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।8।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चंद्रप्रभनाथस्य शासनदेव अजितयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

स्वयं मनोवेगा देवी भी, समवशरण में आती है।
चन्द्रप्रभु की भक्ति करती, ज्वालामालिनी कहलाती है।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।8।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चन्द्रप्रभनाथस्य शासनदेवी मनोवेगायक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

पुष्पदंत ने अंत, कीन्हा है संसार का।
आप हुए जयवंत, सद्गुण के सरवर बने।।9।।

ॐ ह्रीं श्री पुष्पदंत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

श्री पुष्पदन्त जिनेन्द्र की, भक्ति करे जो भाव से।
वह ब्रह्मयक्ष आके शरण में, गीत गावे चाव से।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।9।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री पुष्पदन्तनाथस्य शासनदेव ब्रह्मयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

पुष्पदन्त की रही यक्षिणी, काली देवी कहलावे।
श्रद्धा भक्ति से जिनेन्द्र की, मंगलमय महिमा गावे।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।9।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री पुष्पदन्तनाथस्य शासनदेवी काली यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

शीतलनाथ जिनेन्द्र, शीलव्रतों को पाए हैं।
पूजें इन्द्र नरेन्द्र, मन में हर्ष मनाए हैं।।10।।

ॐ ह्रीं श्री शीतलनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शीतल जिनेश्वर के चरण में, भक्ति करते भाव से।
यक्ष ब्रह्मेश्वर सदा ही, गीत गाते चाव से।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।10।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री शीतलनाथस्य शासनदेव ब्रह्मेश्वर यक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

ज्वालामालिनी रही यक्षिणी, शीतल जिनके गुण गावे।
सुख-शांति सौभाग्यप्रदायक, जिनवर भक्ति को आवे।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।10।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री शीतलनाथस्य शासनदेवी ज्वालामालिनी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

होय कर्म का नाश, जिन श्रेयांस की भक्ति से।
आतम ज्ञान प्रकाश, होता है भवि जीव का।।11।।

ॐ ह्रीं श्री श्रेयांसनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रेयांश जिनवर की शरण में, भक्ति करते भाव से।
वह यक्ष कुमार आके सदा भी, गीत गाते चाव से।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।11।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री श्रेयांसनाथस्य शासनदेव कुमारयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

स्वयं महाकाली देवी भी, श्री जिनेन्द्र के गुण गावे।
श्री जिनेन्द्र के समवशरण में, नाचे-गावे हर्षावे।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।11।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री श्रेयांसनाथस्य शासनदेवी महाकाली यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

वासुपूज्य भगवान, तीन लोक में पूज्य हैं।
शत्-शत् करूँ प्रणाम, पूजा करके भाव से।।12।।

ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री वासुपूज्य जिनेन्द्र की, शुभ भक्ति करता भाव से।
वह यक्ष षण्मुख शरण आके, गीत गावे चाव से।।
शासन सुरक्षा जिन प्रभु की, की गई जिनसे अहा।
इस यज्ञ में निज भाग पाने, के लिए उनको कहा।।12।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री वासुपूज्यनाथस्य शासनदेव षण्मुखयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

वासुपूज्य की रही यक्षिणी, गौरी महिमा दिखलावे।
जिनशासन के गुरु गौरव की, नृत्य गान कर गुण गावे।।
जिनवर की भक्ति करने को, आज यहाँ करते आह्वान।
यह भाग देने को अनुपम, बुला रहे हैं सम्मान।।12।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री वासुपूज्यनाथस्य शासनदेवी गौरी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

(छन्द-जोगीरासा)

विमलनाथ का विमल ज्ञान है, द्रव्य चराचर भाषी।
कर्म नाशकर शिवपुर पहुँचे, पद पाया अविनाशी।।13।।

ॐ ह्रीं श्री विमलनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विमलनाथ का यक्ष भाई, पाताल कहा है।
तीन योग से भक्ति में, जो लीन रहा है।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।13।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री विमलनाथस्य शासनदेव पातालयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

श्री विमल जिन के चरण की, शुभ भक्ति करती भाव से।
वह यक्षिणी गांधारी देवी, सिर झुकाती चाव से।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।13।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री विमलनाथस्य शासनदेवी गांधारी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

(छन्द-जोगीरासा)

अनंतनाथ जिनवर ने सारे, घाती कर्म विनाशे।
ज्ञान अनंतानंत प्राप्त कर, लोकालोक प्रकाशे।।14।।

ॐ ह्रीं श्री अनंतनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अनन्तनाथ का यक्ष श्रेष्ठ किन्नर कहलाया।
श्री जिनेन्द्र की भक्ति करने हरदम आया।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।14।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री अनन्तनाथस्य शासनदेव किन्नरयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

श्री अनन्त जिन के चरण की, भक्ति करती भाव से।
वह यक्षिणी वैरोटी देवी, सिर झुकावे चाव से।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।14।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री अनन्तनाथस्य शासनदेवी वैरोटी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

धर्मनाथ भगवान लोक में, विशद धर्म के धारी।
सर्वलोक में जिनका दर्शन, होता मंगलकारी।।15।।

ॐ ह्रीं श्री धर्मनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्मनाथ का यक्ष भाई किम्पुरुष जानो।
श्री जिनेन्द्र का भक्त रहा वह भाई मानो।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।15।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री धर्मनाथस्य शासनदेव किंपुरुषयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

श्री धर्म जिन की यक्षिणी है, अनन्तमति शुभ नाम है।
जैन शासन की सुरक्षा करना, जिसका काम है।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।15।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री धर्मनाथस्य शासनदेवी अनन्तमति यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

कामदेव चक्रीपद पाया, तीर्थंकर पद धारा।
शांतिनाथ है तीन लोक में, पावन नाम तुम्हारा।।16।।

ॐ ह्रीं श्री शांतिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतिनाथ का यक्ष, गरुड़ कहलाया भाई।
उसने जिनकी भक्ति कर, अति प्रभुता आई।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।16।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री शांतिनाथस्य शासनदेव गरुड़यक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

शांति जिन की यक्षिणी का, मानसी शुभ नाम है।
जैन शासन की सुरक्षा, करना जिसका काम है।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।16।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री शांतिनाथस्य शासनदेवी मानसी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

कुंथुनाथ गुणों के सागर, सर्व गुणों के दाता।
तीन लोकवर्ती जीवों के, कुंथुनाथ हैं त्राता।।17।।

ॐ ह्रीं श्री कुंथुनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कुन्थुनाथ के पास, यक्ष गन्धर्व कहा है।
श्री जिनेन्द्र का भक्त, सदा जो देव रहा है।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।17।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री कुन्थुनाथस्य शासनदेव गंधर्वयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

महामानसी यक्षिणी भी, भक्ति करती भाव से।
कुन्थु जिनवर के चरण में, गीत गाती चाव से।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।17।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री कुंथुनाथस्य शासनदेवी महामानसी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

अष्ट कर्म का नाश किए प्रभु, आठ गुणों को पाए।
अरहनाथ भगवान जगत् में, सबके हृदय समाए।।18।।

ॐ ह्रीं श्री अरहनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अरहनाथ का यक्ष, कुबेर कहा है भाई।
उसने जिनकी भक्ति कर, बहु प्रभुता पाई।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।18।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री अरहनाथस्य शासनदेव कुबेरयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

अरह जिन की यक्षिणी है, जया जिसका नाम है।
धर्म की रक्षा सुरक्षा, मुख्य जिसका काम है।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।18।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री अरहनाथस्य शासनदेवी जयायक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

कर्मरूप मल्लों की सेना, जिनके आगे हारी।
मल्लिनाथ भगवान आपकी, दुनियाँ बनी पुजारी।।19।।

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मल्लिनाथ का यक्ष, वरुण कहलाया भाई।
श्री जिनेन्द्र की भक्ति, जिसके हृदय समाई।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।19।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री मल्लिनाथस्य शासनदेव वरुणयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

मल्लि जिन की यक्षिणी भी, भक्ति करती चाव से।
नाम है विजया मनोहर, गीत गावे चाव से।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।19।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री मल्लिनाथस्य शासनदेवी विजया यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

मुनिसुव्रत ने मुनि व्रतों को, अपने हृदय सजाया।
मोक्षमार्ग के राही जिनवर, केवलज्ञान जगाया।।20।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिसुव्रत का यक्ष, देव भृकुटि कहलाया।
श्री जिनेन्द्र की भक्ति, हेतु शरण में आया।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।20।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथस्य शासनदेव भृकुटियक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

मुनिसुव्रत की यक्षिणी, करती सदा गुणगान है।
अपराजिता कहते हैं जिसको, वह भी बहुत महान है।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।20।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथस्य शासनदेवी अपराजिता यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

मिथिलापुर नगरी के राजा, विजयसेन कहलाए।
जन्म प्राप्त कर नमिनाथ ने, सबके भाग्य जगाए।।21।।

ॐ ह्रीं श्री नमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नमिनाथ का यक्ष देव गोमेध कहाया।
जिनशासन का भक्त प्रभु के चरणों आया।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन करके यहाँ बुलाया।।21।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री नमिनाथस्य शासनदेव गोमेधयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

नमि जिन की यक्षिणी शुभ, भक्ति करती भाव से।
नाम है बहुरूपिणी वह, सिर झुकावे चाव से।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।21।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री नमिनाथस्य शासनदेवी बहुरूपिणी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

पशुओं की पीड़ा को लखकर, मन में करुणा जागी।
नेमिनाथ जग की माया तज, क्षण में बने विरागी।।22।।

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नेमिनाथ का यक्ष, पार्श्व कहलाया भाई।
जिन भक्ति करके पाई, उसने प्रभुताई।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।22।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री नेमिनाथस्य शासनदेव पार्श्वयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

यक्षिणी कुष्मांडिनी श्री, नेमिजिन की भक्त है।
भक्ति पूजा में सदा ही, जो रहे अनुरक्त है।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।22।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री नेमिनाथस्य शासनदेवी कुष्मांडिनी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

कर उपसर्ग पार्श्व के ऊपर, हार कमठ ने मानी।
ध्यान अग्नि से कर्म जलाए, बन गये केवलज्ञानी।।23।।

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पार्श्वनाथ का यक्ष देव, मातंग कहाया।
जग प्रसिद्धि धरणेन्द्र, नाम शुभ जिसने पाया।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।23।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री पार्श्वनाथस्य शासनदेव धरणेन्द्रयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

देवी पद्मावती है प्रभु, पार्श्व जिन की यक्षिणी।
जैनशासन जिन प्रभु की, जो रही शुभ रक्षिणी।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।23।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री पार्श्वनाथस्य शासनदेवी पद्मावति यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

निज पर विजय प्राप्त करके जो, महावीर कहलाते।
ऐसे वीर प्रभु के चरणों, सादर शीश झुकाते।।24।।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

महावीर का यक्ष देव, गुह्यक कहलाया।
जिनशासन का रक्षक, प्रभु के चरणों आया।।
यज्ञ भाग देने का, हमने भाव बनाया।
अतः आज आह्वानन, करके यहाँ बुलाया।।24।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री महावीरस्वामिन शासनदेव गृह्यकयक्ष ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

श्री वीर जिन की यक्षिणी, भक्ति करे सद्भाव से।
सिद्धायिनी है नाम जिसका, सिर झुकावे चाव से।।
हम बुलाते यज्ञ में शुभ, भेंट देने के लिए।
यह रहा सम्मान अनुपम, कार्य मंगल जो किए।।24।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री महावीरस्वामिन शासनदेवी सिद्धायिनी यक्षि ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलादि अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

दोहा- नव ग्रह शांति यज्ञ में, आओ शासन देव।
यज्ञभाग शुभ लीजिए, आकर यहाँ सदैव।।

ॐ आं क्रों ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकर शासनदेव व गोमुख प्रमुख सर्वयक्षा ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं अर्घ्यं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां-प्रतिगृह्यतां इति स्वाहा।

दोहा- महामृत्युञ्जय विधान में, यक्षिणी आवें सभी।
भक्ति पूजा भाव से कर, भेंट भी पावें अभी।।

ॐ आं क्रों ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकर शासनदेवी चक्रेश्वरी प्रमुख सर्वयक्षी ! अत्र आगच्छ-आगच्छ ! इदं जलं गंधं अक्षतं पुष्पं चरुं दीपं धूपं फलं अर्घ्यं स्वस्तिकं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां-प्रतिगृह्यतां इति स्वाहा।

तृतीयः वलयः

दोहा- नंदाभद्रा जया अरु रिक्ता, पूर्णा तिथियाँ रहीं प्रधान।
पुष्पाञ्जलि करके हम देते, उनको भी शुभ भेंट महान्।।

आह्वानादि पुरःसर तिथि देवताः, नवग्रहदेवता प्रत्येक पूजा प्रतिज्ञापनाय तृतीय वलये पुष्पाक्षतान् क्षिपेत्।

पंचदशतिथिदेवाऽर्चनम्

स्थापना

नंदाभद्रा जया अरु रिक्ता, पूर्णा तिथियाँ रही महान्।
अनेकांत शुभ पक्ष समन्वित, जिनवर के हैं यक्ष प्रधान।।
भक्ति भाव से अर्चा करने, चरणों आते बारम्बार।
अष्ट द्रव्य से पूजा करते, श्री जिनेन्द्र की अपरम्पार।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पञ्चदश तिथि देवाः ! अत्र आगच्छ-आगच्छ।
ॐ आं क्रों ह्रीं पञ्चदश तिथि देवाः ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ आं क्रों ह्रीं पञ्चदश तिथि देवाः ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

धनुष बाण ले यक्ष प्रतिपद, प्रतिपक्ष प्रभु पद आवे।
धवलोज्जवल शुभ कांति वाला, पद्म अर्चना को लावे।।1।।

ॐ आं क्रों ह्रीं प्रतिपदयक्षाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

अक्षमालधारी त्रिशूल ले, वैश्वानर सुर सूर्य समान।
गजारुढ़ हो द्वितिया तिथि को, करता आके प्रभु गुणगान।।2।।

ॐ आं क्रों ह्रीं वैश्वानराय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

अश्व यान पर राक्षस चढ़कर, मुसलाखेट खट्वांग समेत।
खिला कमल ले तृतिया तिथि को, भाव सहित पूजा के हेत।।3।।

ॐ आं क्रों ह्रीं राक्षसाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

मारुत् आभावाला नघृत, जलज भयासि खेट महान्।
व्याघ्रारुढ़ चतुर्थी के दिन, फलादान करता गुणगान।।4।।

ॐ आं क्रों ह्रीं नधृताय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

शरद चंद्र की कांति वाला, सर्पासन पर पन्नग देव।
श्रृणि पाश ले हाथ पञ्चमी, के दिन अर्चा करें सदैव।।5।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पन्नगाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

कशांक दान डमरू फरीम कुश, खड्ग अक्षमाला के साथ।
नंदा अधिपति असुर षष्ठी को, पूजे शत्रुपत्र ले हाथ।।6।।

ॐ आं क्रों ह्रीं असुराय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

वेणु प्रकाश सप्तमी के दिन, अश्वारूढ़ देव सुकुमार।
पाशांकुश फल भोज हाथ ले, वंदन करता बारम्बार।।7।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुकुमाराय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

ले कृपाण फल खेट हाथ में, अर्चा करने पितृ देव।
जगतपति आठें को आवे, प्राणी रक्षा करे सदैव।।8।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पितृदेवाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

शूल कपाल नेत्र त्रयधारी, उदित सूर्य सम करे प्रकाश।
श्री विश्वमाली नवमी को, जिन पूजा करता है खास।।9।।

ॐ आं क्रों ह्रीं विश्वमालिदेवाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

खेट बाण खड्गोज्वल धारी, मन में अतिशय करुणाधार।
पूर्णाधिप द्वितीय दशमी को, चमर मोर पर हुआ सवार।।10।।

ॐ आं क्रों ह्रीं चमरदेवाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

धनुष बाण तलवार खेट ले, हो प्रसन्न कर ऊपर हाथ।
एकादशि का ईश वैरोचन, भक्ति सहित झुकावे माथ।।11।।

ॐ आं क्रों ह्रीं वैरोचनाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

हंसारुढ़ महाविद्युत भी, इन्द्र वर्ण सम जोड़े हाथ।
धनुष बाण पूत्री कृपाण ले, द्वादशेश अर्चा को साथ।।12।।

ॐ आं क्रों ह्रीं महाविद्युतदेवाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

मारदेव चढ़कर गवेन्द्र पर, चन्द्र खड्ग फल ले निज हाथ।
त्रयोदश्चधिप वर्ण नीले में, अर्चा को द्रव्य लावे साथ।।13।।

ॐ आं क्रों ह्रीं मारदेवाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

मुदगरांक फल गदा कुठारी, चतुर्दश्यधिपति ले हाथ।
चढ़ गवेन्द्र पर नील वर्ण में, अर्चा करे झुकावे माथ।।14।।

ॐ आं क्रों ह्रीं विश्वेश्वराय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

कमनीय वदन बाणामय पाशी, दण्डत्रय को दण्ड ले हाथ।
पिण्डाशन पञ्चादश तिथि को, अर्चा करे झुकाए माथ।।15।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पिण्डाशनाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

नवग्रह देव हेतु भेंट

स्थापना

नित्य परिक्रमा मेरु गिरि की, मनुज लोक में करें सदैव।
निग्रहानुग्रह करने वाले, ज्योतिषवासी सारे देव।।
ढाई द्वीप के बाह्य अवस्थित, रवि चन्द्र आदि सुरनाथ।
श्री जिनेन्द्र का आह्वानन कर, अर्चा करो सभी मिल साथ।।

ॐ आं क्रों ह्रीं नवग्रह देवाः ! अत्र एहि-एहि संवौषट् आह्वाननं।
ॐ आं क्रों ह्रीं नवग्रह देवाः ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ आं क्रों ह्रीं नवग्रह देवाः ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकं

सतत् प्रकाश ताप प्रतिभासी, रवि विमान का है आधीश।
पल्योपम आयु का धारी, कमल हाथ ले नत हो शीश।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा करता, सूर्य महाग्रह पद में आन।
विशद भाव से वंदन करके, करता है अतिशय गुणगान।।1।।

ॐ आं क्रों ह्रीं आदित्य महाग्रहाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

लाख वर्ष पल्लाधिक आयु, बलक्षरोचि शुभ आभावान।
महारत्नकृत तोद्धवेषयुत, श्रेष्ठ ग्रहाधिप रहा महान्।।
श्री जिनेन्द्र की पूजा करता, सोम महाग्रह पद में आन।
विशद भाव से वंदन करके, करता है अतिशय गुणगान।।2।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सोम महाग्रहाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

सुरोद्यमान आकार मृगाधिक, अर्घ कोष श्रित प्रभु विमान।
अर्घ्य पल्य आयु के धारी, यक्षाश्रित सुकुमार महान्।।
श्री जिनेन्द्र की अर्चा करता, मंगल ग्रह जिन पद में आन।
विशद भाव से वंदन करके, करता है अतिशय गुणगान।।3।।

ॐ आं क्रों ह्रीं भौम महाग्रहाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

लोक पूज्य सत्त्वोहित केहरि, केन्द्र त्रिकोणे जन सुखकार।
अर्घ्य प्राप्त कर पुष्टिकर्त्ता, सोम पुत्र है मंगलकार।।
श्री जिनेन्द्र की अर्चा करता, बुध ग्रह श्री जिन पद में आन।
विशद भाव से वंदन करके, करता है अतिशय गुणगान।।4।।

ॐ आं क्रों ह्रीं बुध महाग्रहाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

बलि भेटग्राही सुर राजमंत्री, स्वर्ग लोक में रहा महान्।
पयःप्रपूरित घृत संतुष्टक, वियत विहारी श्रेष्ठ प्रधान।।
श्री जिनेन्द्र की अर्चा करता, गुरु महाग्रह पद में आन।
विशद भाव से वंदन करके, करता है अतिशय गुणगान।।5।।

ॐ आं क्रों ह्रीं गुरु महाग्रहाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

वाम हस्त में रहा कमण्डल, शुचि दण्डधारी गुणगान।
सव्यपाण कविराज मुख्य है, जिसके वस्त्र सुधौत महान्।।
श्री जिनेन्द्र की अर्चा करता, शुक्र महाग्रह पद में आन।
विशद भाव से वंदन करके, करता है अतिशय गुणगान।।6।।

ॐ आं क्रों ह्रीं शुक्र महाग्रहाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

है रजनीश शत्रु छाया सुत, सूर्य खचारि पुत्र महान्।
कृष्ण वर्ण अष्टारिग सज्जन, सौख्यकार अतिशय गुणवान।।
श्री जिनेन्द्र की अर्चा करता, शनि महाग्रह पद में आन।
विशद भाव से वंदन करके, करता है अतिशय गुणगान।।7।।

ॐ आं क्रों ह्रीं शनि महाग्रहाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

शशि बिम्ब को छठे मास में, प्रच्छादित करता है आन।
निज के बिम्ब से परिवर्तित कर, हो स्वभाव में तुष्ट महान्।।
श्री जिनेन्द्र की अर्चा करता, राहु महाग्रह पद में आन।
विशद भाव से वंदन करके, करता है अतिशय गुणगान।।8।।

ॐ आं क्रों ह्रीं राहु महाग्रहाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

वियद बिहारी पुण्य कृष्ण ध्वज, एकादशास्थ है छायावान।
कृष्ण वर्णधारी है अनुपम, सभवन पूज्य है आभावान।।
श्री जिनेन्द्र की अर्चा करता, केतु महाग्रह पद में आन।
विशद भाव से वंदन करके, करता है अतिशय गुणगान।।9।।

ॐ आं क्रों ह्रीं केतु महाग्रहाय इदं अर्घ्यं गृहाण-गृहाण स्वाहा।

चतुस्र वलयः द्वादश बीजाक्षर पूजा

चन्द्रप्रभु जी चन्द्र किरण सम, धवल रहे अतिशयकारी।
मानो श्रेष्ठ चन्द्रमा दूजे, उदित हुए मंगलकारी।।
इन्द्रादि से वंदनीय हैं, ऋषीपति जिनराज प्रभो !
बन्ध कषाय जीतने वाले, वंदू तुमरे चरण विभो।।
वरं परं उत्पन्न हुआ शुभ, बिन्दु सहित अरजं शुभकार।
होम सहित अर्हं शुभ लपहा, पहः प्राप्त है मंगलकार।।
स्वरटांतवेष्टित बीज पूर्व 'क्ष', शुभ अक्षर है महिमावंत।
द्वादश पद्म पत्र से पत्रित, स्वरावृत्त साधक है ऽनन्त।।
द्वादश शांत कलान्वित पद शुभ, पञ्चाक्षर पीयूष विशेष।
क्ष्वीं ह्वीं क्षिं बिन्दु सहितं, सपरं श्रेष्ठ अग्र लिख शेष।
संघट शांत बाह्य परिवृत्त कर, 'मृत्युञ्जय' पद हो निर्वाण।।
उसके बाह्य क्षितिभृत सम्पुट, जल मृत्युञ्जय पूज्य महान्।

(इति पठित्वा यंत्रोपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

दिव्य चक्र चक्रान्वित सबसे, रक्षादि मृत्युञ्जय यंत्र।
मृत्यु विनाशक हेतु शांतिप्रद, ध्यायें हम मृत्युञ्जय मंत्र।।
'अ' बीजाक्षर मातृकादि शुभ, बीज मंत्र मण्डल सुप्रसिद्ध।
स्वपद प्रशस्त मंत्र न्यसामी, यंत्र मृत्युञ्जय पूज्य प्रसिद्ध।।

सर्वोपमृत्यु निवारण हेतु, सब अभीष्ट फलप्रद शुभ नाम।
दिव्य चक्र क्षिति इन्द्र अमर के, मृत्युञ्जय को करें प्रणाम।।
श्रेष्ठ सुनहरे भूत-प्रेत गण, अरु पिशाच राक्षस के देव।
सब रागों के विध्वंसक शुभ, सुख-शांति जो करें सदैव।।

सर्व रोग हर सुखकर जानो, मृत्युञ्जय शुभ मंत्र महान्।
अर्चनीय है भवि जीवों से, हम भी करते हैं गुणगान।।

(इति पठित्वा नमस्कारं कुर्यात्)

स्थापना

गंगा का शीतल निर्मल जल, करता है भव ताप हरण।
करके शुभ अभिषेक यंत्र का, मृत्युञ्जय हो श्रेष्ठ वरण।।
जल गंधाक्षत चरु शुभ पुष्प, दीप धूप फल आदि सार।
मृत्युञ्जय हो प्राप्त हमें शुभ, जैनधर्म आगम अनुसार।।

ॐ नमोऽर्हते भगवते देवाधिदेव, सर्वयन्त्रमन्त्र सिद्धिकराय ह्रीं ह्रीं द्रीं द्रीं क्रों क्रों ॐ ॐ झं वं ह्वः पः हः हं झं झ्वीं क्ष्वीं हं सः अ सि आ आ उ सा..नामधेयस्य..सर्वापमृत्युविनाशनं कुरु-करु। मृत्युञ्जययन्त्राधिपतिः ! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ नमोऽर्हते.... अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ नमोऽर्हते....अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकं

नाना मणि प्रचय से भासुर, कण्ठ युक्त अतिशय मनहार।
ताल कलित मल दिव्य तोय से, भरकर लाए हम भृंगार।।

जो संसार ताप विनिवारण, हेतु भूत है अपरम्पार।
परम यंत्र मृत्युञ्जय पूजें, विशद भाव से बारम्बार।।1।।

ॐ आं क्रों सर्वापमृत्युञ्जयकराय सर्वशान्तिकराय रक्षा मृत्युञ्जयाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वर्ग लोक की ललनाएँ शुभ, श्रेष्ठ सरोरुह मूर्ति महान्।
कुमकुम और कर्पूर विमिश्रित, दिव्य गंध ले अतिशयवान।।
श्रेष्ठ गंध उपमान मुक्त शुभ, सर्वलोक में अपरम्पार।
परम यंत्र मृत्युञ्जय पूजें, विशद भाव से बारम्बार।।2।।

ॐ आं क्रों सर्वापमृत्युञ्जयकराय सर्वशान्तिकराय रक्षा मृत्युञ्जयाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

गंध अंध षट्चरण सुसंस्कृत, झंवितांग है श्रेष्ठ महान्।
है कल्याण कीर्ति के सदृश, कमलाक्षत अति महिमावान।।
जो अक्षुण्ण मोक्ष सुख साधन, हेतु भूत हैं अपरम्पार।
परम यंत्र मृत्युञ्जय पूजें, विशद भाव से बारम्बार।।3।।

ॐ आं क्रों सर्वापमृत्युञ्जयकराय सर्वशान्तिकराय रक्षा मृत्युञ्जयाय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ कंकेलि कुण्डकुट जोत्पल, कमल केतकी अतिशयकार।
श्रेष्ठ गंध जिसकी अनल्पतर, बंधुक पुष्प रहे मनहार।।
मुकुट माल्य आदि मरीचिका, दिव्यांगना सम अपरम्पार।
परम यंत्र मृत्युञ्जय पूजें, विशद भाव से बारम्बार।।4।।

ॐ आं क्रों सर्वापमृत्युञ्जयकराय सर्वशान्तिकराय रक्षा मृत्युञ्जयाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

जग भक्ति अनुपम घृत उज्ज्वल, शाक पिण्ड है अतिशयवान।
अमृत पिण्ड विडम्ब भक्ष शुभ, सरस लिए नैवेद्य महान्।।
कांत विडम्बर कृत क्षम भाई, पल्य वक्त्र है अपरम्पार।
परम यंत्र मृत्युञ्जय पूजें, विशद भाव से बारम्बार।।5।।

ॐ आं क्रों सर्वापमृत्युञ्जयकराय सर्वशान्तिकराय रक्षा मृत्युञ्जयाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गांगुदीप्ति परिवर्जित क्या है, भानुचन्द्र का प्रखर प्रकाश।
मुकुलित कमल रहा उन्मुद्रित, रत्न दीप है अतिशय खास।।

भानुचन्द्र सम तेज सु गुम्फित, प्रभा पटल है अपरम्पार।
परम यंत्र मृत्युञ्जय पूजें, विशद भाव से बारम्बार।।6।।

ॐ आं क्रों सर्वापमृत्युञ्जयकराय सर्वशान्तिकराय रक्षा मृत्युञ्जयाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रेष्ठ वस्तु कालेयक आदि, के वितान से कर निर्माण।
गंधवती शुभ धूप अग्नि में, खेते हैं हम सर्व महान्।।
प्रखर कांति निर्जित है चञ्चल, इन्द्र भास्कर सम अविकार।
परम यंत्र मृत्युञ्जय पूजें, विशद भाव से बारम्बार।।7।।

ॐ आं क्रों सर्वापमृत्युञ्जयकराय सर्वशान्तिकराय रक्षा मृत्युञ्जयाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

नाना रस युत पूर्ण सुगंधित, श्रेष्ठ वर्ण के फल मनहार।
जम्बू आम कपित्थ सुदाड़िम, पनस पूग द्राक्षा अविकार।।
श्रेष्ठ मनोरम फल अति सुंदर, चढ़ा रहे हम अपरम्पार।
परम यंत्र मृत्युञ्जय पूजें, विशद भाव से बारम्बार।।8।।

ॐ आं क्रों सर्वापमृत्युञ्जयकराय सर्वशान्तिकराय रक्षा मृत्युञ्जयाय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीर गंध अक्षत ले अनुपम, ले नैवेद्य प्रदीप प्रजाल।
धूपादि फल अर्घ्य बनाकर, अर्घ्य चढ़ाते श्रेष्ठ त्रिकाल।।
स्वर्ग मोक्ष के भव्य सुखों का, एक बीज है अपरम्पार।
परम यंत्र मृत्युञ्जय पूजें, विशद भाव से बारम्बार।।9।।

ॐ आं क्रों सर्वापमृत्युञ्जयकराय सर्वशान्तिकराय रक्षा मृत्युञ्जयाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

व्यंतर भूत शाकिनी डाकिन, किन्नरादि ग्रह पन्नग देव।
हो उत्पात किसी के द्वारा, शाश्वत शांत करो तुम एव।। *(शांतये शांतिधारा)*

यंत्रराज की पूजा करके, व्याधि भीति विष का हो नाश।
तुष्टि पुष्टि बल आयु विभूति, सुख-शांति का होय विकाश।।

(दिव्य पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

ॐ सतत् वरयन्त्रात् शांतिरस्तु, समस्तव्याधिभीतिविषनाशनमस्तु।
तुष्टिपुष्टि-बलायुर्विभूतिवर्धनमस्तु सततं वरयन्त्रात्। (इत्याशीर्वादः)

अथ यंत्र स्तोत्रम्

दोहा- **पूर्वोपार्जित कर्म से, जीवन है उदभ्रांत।**
मृत्युञ्जय के जाप से, पीड़ा हो उपशांत।।1।।

(शम्भू छन्द)

गर्भ में आने के छह महिने, पूर्व इन्द्र देता आदेश।
रत्नवृष्टि शुभ नव महिने तक, धन कुबेर तुम करो विशेष।।
सोलह स्वप्न देखती माता, गर्भ समय में अपरम्पार।
अष्ट देवियाँ श्री आदि सब, सेवा करतीं बारम्बार।।2।।

अर्पित करें महामायामय, बालक ला माता के पास।
इन्द्र साथ में चऊ निकाय के, देव ऐरावत लाते खास।।
मेरु गिरि पर क्षीर नीर से, करते बालक का अभिषेक।
शची कुंकुमादि चर्चित कर, वंदन करती माथा टेक।।3।।

जब विरक्त होते विषयों से, स्तुति करते इन्द्र नरेन्द्र।
करें प्रशंसा लौकान्तिक भी, शिविका लाते श्रेष्ठ सुरेन्द्र।।
वन में जाकर वृक्ष के नीचे, दीक्षा धारण करते देव।
निजानंद अमृत को पीकर, निज में रहते लीन सदैव।।4।।

सद्दर्शन युत कृशाकृशाव्रत, सह उत्साह उचित स्थान।
धर्मध्यान से गलित आयु त्रय, अप्रमत्त पा गुणस्थान।।
दृष्टिघ्नातप साधारण चऊ, जाति त्रय निद्रा पहिचान।
सूक्ष्म स्थावर नरक तिर्यंच द्वय, उद्योत कषाय अष्ट यह मान।।5।।

देव नपुंसक स्त्री हास्यादि, पुरुषवेद त्रय नशे कषाय।
अनिवृत्ति के नव भागों में, दशे स्थान लोभ नश जाय।।

निद्रा प्रचला पूर्व समय में, ज्ञान दर्शनावरणान्तराय।
क्षीण कषाय के अंत समय में, नाश बनें अर्हत् जिनराय।।6।।

द्रव्यभावमय सूक्ष्म कषायी, हो वितर्क वीची से ध्यान।
व्यंजनार्थ मंगलमय जानो, हो पृथक्त्वीचारी ध्यान।।
कर्म संक्रमण करके मन से, प्राप्त किया एकत्त्वी ध्यान।
सब कर्मांश भेदने वाले, करते चेतन गुण रसपान।।7।।

मोहरिपु के नाशक पाते, यथाख्यात चारित्र महान्।
निर्विचार हो शुद्ध आत्मा, में विलसित हो करते ध्यान।।
उज्ज्वल स्वच्छ छलकते चित् का, पाकर के आनंद विशेष।
शेष कर्म अरि का गालन कर, बन जाते फिर आप जिनेश।।8।।

विश्वैश्वर्य विघाति घातिकर, सहजोच्छेदोदगतान्तक दर्श।
संविद वीर्य सुखात्मिक अनुपम, तीन लोक आकीर्णादर्श।।
जीवन मुक्त धर्म चक्राधिप, दयावान तीर्थाधिनाथ।
चौंतिस अतिशय प्रगटाये प्रभु, आठों प्रातिहार्य भी साथ।।9।।

देवों द्वारा प्रकट किए शुभ, परम उल्लसित लक्षण श्रेष्ठ।
श्रीयुत नित्य पाद युगलों में, नियुक्त किए हैं यक्ष यथेष्ट।।
यक्ष वृंद पहले से आकर, उचित व्यवस्था करें विशेष।
देवेन्द्रों के द्वारा पूजित, विस्मयकारी हुए जिनेश।।10।।

दो हैं गंध वर्ण रस बंधन, पञ्च शरीर और संघात।
छह संस्थान संहनन सुर द्विक, अगुरुलघु उच्छ्वासोपघात।।
अयशकीर्ति परघात अनादेय, सुस्वर शुभ स्थिर युग जान।
गमन गति द्वय स्पर्शाष्टक, प्रकृतियों की होती हान।।11।।

आंगोपांग तीन दुर्भगयुत, प्रत्येक नीच कुल अरु निर्माण।
सभी बहत्तर उपान्त्य समय में, अयोग केवली के सब आन।।
आनुपूर्वी आदेय इन्द्रियाँ, पञ्च यशःकीर्ति पर्याप्त।
सुभग उच्च कुल त्रस बादर शुभ, नाश अंत में बनते आप्त।।12।।

तीर्थंकर प्रकृति का वेदन, करते तेरहवें गुणस्थान।
निराकृत्य कर अन्य प्रकृतियाँ, पाते समुच्छिन्न क्रिया ध्यान।।
सम्यक्त्वादि अष्ट गुणों को, पाकर बनते जगत प्रधान।
ऊर्ध्वगमन कर एक समय में, बनते शीघ्र सिद्ध भगवान।।13।।

मुक्तिश्री को पाने वाले, चिदानंद को पाते नाथ।
इन्द्र मुकुट से अग्नि प्रज्ज्वलन, हेतू स्वयं झुकाते माथ।।
चंदनादि से तन का सुरगण, करते हैं अग्नि संस्कार।
भुवनाधीश प्रभु बन जाते, सिद्ध शिरोमणि मंगलकार।।14।।

बाह्याभ्यंतर से जिन स्वामी, सिद्धशिला के बनते ईश।
पूर्वाकार नित्य संस्थित जिन, हो जाते हैं पूज्य महीश।।
अमित काल तक शुद्ध सुखों का, करते हैं जो भोग महान्।
'आशाधर'[1] पाने श्रेयश सुख, दिव्य प्राप्त करने निर्वाण।।15।।

श्रेय मार्ग के ज्ञानहीन नर, भवज्वाला में दुःख सहें।
दीन-हीन हो भ्रमण करे जग, मोहित तन में सदा रहें।।
अर्हत् पद का रहा अनुग्रह, जिससे मिलता पुण्य निधान।
अर्हत् सिद्ध प्राप्त कर शिवपद, पाने वाले जीव महान्।।16।।

1. संस्कृत महामृत्युञ्जय विधान के रचयिता।

(पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

अथ प्रत्येक पूजा 'अ वर्ण'

सोरठा- 'अ' वर्णादि पूर्ण, बीजाक्षर अनुक्रम लिए।
महामंत्र परिपूर्ण, जल गंधादि से पूजते।।

अवर्णादि बीजाक्षर प्रत्येक पूजा प्रतिज्ञापनार्थं पुष्पाक्षतान् क्षिपेत्

'अ' वर्ण पूजा

जटा मुकुटधारी द्विज कुल में, जो उद्भूत पुरुषवत् ज्ञान।
चतुरानन जो है सुगंध युत, कनक कुण्डलोल्लसित महान्।।
एक लाख योजन तक विकसित, कूर्माङ्ग है जिसकी पहचान।
सकल अचिन्त्य सिद्धिदायक हम, भजें 'अ' वर्ण गुणों की खान।
चतुर्ज्ञान के धारी गणधर, ने कीन्हा जिसका व्याख्यान।
जैनागम के द्रव्यभाव श्रुत, का उर में करते आह्वान।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्ण ! अत्र एहि-एहि संवौषट् आह्वाननं।
ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्ण ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्ण ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

सुन्दरी छन्द

कलश जल से भर के लाए हैं, जन्मादि रोग नशाने आए हैं।
हृदय में हर्ष हमारे छाए हैं, विशद मुक्ति के भाव बनाए हैं।।1।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन केशर से गंध बनाए हैं, भव ताप नशाने को हम आए हैं।
हृदय में हर्ष हमारे छाए हैं, विशद मुक्ति के भाव बनाए हैं।।2।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

सु अक्षय श्रेष्ठ चढ़ाने लाए हैं, सुपद अक्षय को पाने आए हैं।
हृदय में हर्ष हमारे छाए हैं, विशद मुक्ति के भाव बनाए हैं।।3।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्प यह रंग-बिरंगे लाए हैं, काम का रोग नशाने आए हैं।
हृदय में हर्ष हमारे छाए हैं, विशद मुक्ति के भाव बनाए हैं।।4।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस चरु यह श्रेष्ठ बनाए हैं, क्षुधा का रोग नशाने आए हैं।
हृदय में हर्ष हमारे छाए हैं, विशद मुक्ति के भाव बनाए हैं।।5।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत कपूर के दीप जलाए हैं, मोह अंध के नाश हेतु आए हैं।
हृदय में हर्ष हमारे छाए हैं, विशद मुक्ति के भाव बनाए हैं।।6।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप खेने अग्नि में लाए हैं, कर्म नाश करने हम आए हैं।
हृदय में हर्ष हमारे छाए हैं, विशद मुक्ति के भाव बनाए हैं।।7।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस फल श्रेष्ठ चढ़ाने लाए हैं, मोक्ष महाफल पाने आए हैं।
हृदय में हर्ष हमारे छाए हैं, विशद मुक्ति के भाव बनाए हैं।।8।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट द्रव्य से यह अर्घ्य बनाए हैं, पद अनर्घ पाने हम आए हैं।
हृदय में हर्ष हमारे छाए हैं, विशद मुक्ति के भाव बनाए हैं।।9।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(विष्णुपद छंद)

शास्त्र हस्त वस्त्रान्वित अनुपम, शुभ सुवर्ण जानो।
भूषणांग युत वाहन स्थित, पूज्य 'अ' वर्ण मानो।।
विघ्न निवारण हेतु सारे, करने पाप विनाश।
नीरादि वसुद्रव्य से अर्चा, करते आके पास।।

ॐ आं क्रों ह्रीं कनकवर्ण चतुर्भुजालंकृत अ वर्णाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- आह्वानादि कर्मकर, पावे श्रेय महान्।
सर्व पूर्णता प्राप्त हो, शांति कांति हो आन।।

ॐ आं क्रों ह्रीं महामेरुसदृश...अवर्ण...नामधेयस्य...सर्वशांतिं विधेहि स्वाहा।

।। शान्तिधारा ।।

'ध' वर्ण पूजा

विद्रुमभूषित अंग चतुर्भुज, गुग्गुल गंध हेम के साथ।
कृष्णानन त्रिलोचनधारी, वश्य हनी कहलाए साथ।।
अर्चनीय है हेम प्रभामय, वर्ण 'ध' कार गुणों की खान।
कहा भूत हर सिद्धि प्रदायक, करने वाला जो कल्याण।।
चतुर्ज्ञान के धारी गणधर, ने कीन्हा जिसका व्याख्यान।
जैनागम के द्रव्यभाव श्रुत, का उर में करते आह्वान।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्ण ! अत्र एहि-एहि संवौषट् आह्वाननं।
ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्ण ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्ण ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

सोरठा

देते जल की धार, जन्म-जरादि नाश हो।
पाने भव से पार, पूजा करते भाव से।।1।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

लाए चंदन गार, भव आताप विनाश हो।
पाने भव से पार, पूजा करते भाव से।।2।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत लिए निखार, अक्षय पद हमको मिले।
पाने भव से पार, पूजा करते भाव से।।3।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्प लिए शुभकार, कामबाण का नाश हो।
पाने भव से पार, पूजा करते भाव से।।4।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्पित चरु मनहार, क्षुधा नशाने के लिए।
पाने भव से पार, पूजा करते भाव से।।5।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप जला शिवकार, मोह नाश को लाए हैं।
पाने भव से पार, पूजा करते भाव से।।6।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप सुगन्ध अपार, कर्म नाश को खेवते।
पाने भव से पार, पूजा करते भाव से।।7।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल लाए रसदार, मोक्ष महापद के लिए।
पाने भव से पार, पूजा करते भाव से।।8।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

लेके अर्घ्य सम्हार, पद अनर्घ के हेतु हम।
पाने भव से पार, पूजा करते भाव से।।9।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(विष्णुपद छंद)

शास्त्र हस्त वस्त्रान्वित अनुपम, शुभ सुवर्ण जानो।
भूषणांग युत वाहन स्थित, पूज्य 'ध' वर्ण मानो।।
विघ्न निवारण हेतु करने, सारे पाप विनाश।
नीरादि वसुद्रव्य से अर्चा, करते आके पास।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वाभरणभूषित ध वर्णाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- आह्वानादि कर्मकर, पावे श्रेय महान्।
सर्व पूर्णता प्राप्त हो, शांति कांति हो आन।।

ॐ आं क्रों ह्रीं महामेरुसदृश...धवर्ण...नामधेयस्य...सर्वशांतिं विधेहि स्वाहा।

।। शान्तिधारा ।।

'ठ' वर्ण पूजा

शशि शिखा उज्ज्वल किरीटमय, चूड़ामणि शत योजनवान।
विप्र प्रियम्बक उग्र गंधयुत, मिनस केतु रक्तांबर जान।।
श्वेत अंग पाशाङ्कुश आयुध, गगन मयूर है पुरुषाकार।
भवभीति सब विघ्न विनाशक, दक्ष रहा शुभ वर्ण 'ठ' कार।।
चतुर्ज्ञान के धारी गणधर, ने कीन्हा जिसका व्याख्यान।
जैनागम के द्रव्यभाव श्रुत, का उर में करते आह्वान।।

ॐ आं क्रों ह्रीं शशिधरवर्ण शशिचूड़ामणि किरीटालंकृत ठ वर्ण ! अत्र एहि-एहि संवौषट् आह्वाननं।

ॐ आं क्रों ह्रीं शशिधरवर्ण शशिचूड़ामणि किरीटालंकृत ठ वर्ण ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ आं क्रों ह्रीं शशिधरवर्ण शशिचूड़ामणि किरीटालंकृत ठ वर्ण ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(भुजंग प्रयाद)

यमुना नदी से जल निर्मल भराए, जन्मादि रोगों के नाशन को आए।
करते हैं पूजा हम भव तापहारी, जीवन बने मेरा शिव सौख्यकारी।।1।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

केसर में चन्दन घिसकर के लाए, भव ताप का नाश करने हम आए।
करते हैं पूजा हम भव तापहारी, जीवन बने मेरा शिव सौख्यकारी।।2।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत ये अक्षय हमने धुवाए, अक्षय सुपद पाने हेतु हम आए।
करते हैं पूजा हम भव तापहारी, जीवन बने मेरा शिव सौख्यकारी।।3।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

थाली में सुन्दर सुमन भरके लाए, रतिदोष को नाश करने हम आए।
करते हैं पूजा हम भव तापहारी, जीवन बने मेरा शिव सौख्यकारी।।4।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद्य रसदार हमने बनाए, क्षुधारोग के नाश हेतु हम आए।
करते हैं पूजा हम भव तापहारी, जीवन बने मेरा शिव सौख्यकारी।।5।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नों के दीपक शुभ हमने जलाए, मोहान्ध का नाश करने हम आए।
करते हैं पूजा हम भव तापहारी, जीवन बने मेरा शिव सौख्यकारी।।6।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि में धूप यह खेने को लाए, आठों करम नाश करने हम आए।
करते हैं पूजा हम भव तापहारी, जीवन बने मेरा शिव सौख्यकारी।।7।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ताजे सरस फल चढ़ाने को लाए, महामोक्षफल प्राप्त करने हम आए।
करते हैं पूजा हम भव तापहारी, जीवन बने मेरा शिव सौख्यकारी।।8।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

द्रव्य आठों हमने चंपावन मिलाए, पाने अनर्घ पद हम भी तो आए।
करते हैं पूजा हम भव तापहारी, जीवन बने मेरा शिव सौख्यकारी।।9।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(विष्णुपद छंद)

शास्त्र हस्त वस्त्रान्वित अनुपम, शुभ सुवर्ण जानो।
भूषणांग युत वाहन स्थित, पूज्य 'ठ' वर्ण मानो।।
विघ्न निवारण हेतु सारे, करने पाप विनाश।
नीरादि वसुद्रव्य से अर्चा, करते आके पास।।

ॐ आं क्रों ह्रीं रक्ताम्बराभरणभूषिताय ठ वर्णाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- आह्वानादि कर्मकर, पावे श्रेय महान्।
सर्व पूर्णता प्राप्त हो, शांति कांति हो आन।।

ॐ आं क्रों ह्रीं शशिधरवर्ण मयूरस्थित ठवर्ण द्वितीयस्थानस्थित ठ बीज.. नामधेयस्य...सर्वशांतिं विधेहि स्वाहा।

।। शान्तिधारा।।

'ह' वर्ण पूजा

सर्वाभरण विभूषित अनुपम, जो प्रसन्न हृदयी सुखकार।
कहा गया स्तम्भस्तोदक्षत, अर्चनीय है वर्ण 'ह' कार।।
चतुर्ज्ञान के धारी गणधर, ने कीन्हा जिसका व्याख्यान।
जैनागम के द्रव्यभाव श्रुत, का उर में करते आह्वान।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्ण ! अत्र एहि-एहि संवौषट् आह्वाननं।
ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्ण ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्ण ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अथाष्टकं

हम निर्मल नीर चढ़ाएँ, जन्मादि रोग नशाएँ।
अब भव का भ्रमण नशाएँ, इस भव से मुक्ति पाएँ।।1।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्णाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

हम चन्दन श्रेष्ठ घिसाएँ, भव का संताप नशाएँ।
अब भव का भ्रमण नशाएँ, इस भव से मुक्ति पाएँ।।2।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्णाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

हम अक्षत श्रेष्ठ चढ़ाएँ, शुभ अक्षत पद हम पाएँ।
अब भव का भ्रमण नशाएँ, इस भव से मुक्ति पाएँ।।3।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्णाय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

हम सुरभित पुष्प चढ़ाएँ, रतिदोष से मुक्ति पाएँ।
अब भव का भ्रमण नशाएँ, इस भव से मुक्ति पाएँ।।4।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्णाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद्य सरस बनवाएँ, अपनी हम क्षुधा नशाएँ।
अब भव का भ्रमण नशाएँ, इस भव से मुक्ति पाएँ।।5।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्णाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हम घृत के दीप जलाएँ, सब मोह-तिमिर विनशाएँ।
अब भव का भ्रमण नशाएँ, इस भव से मुक्ति पाएँ।।6।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्णाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि में धूप जलाएँ, आठों ही कर्म नशाएँ।
अब भव का भ्रमण नशाएँ, इस भव से मुक्ति पाएँ।।7।।

ॐ आं क्रों ह्रीं पुण्डरीकनिभ वज्राभरणभूषित ह वर्णाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल सुन्दर सरस चढ़ाएँ, फिर मोक्ष महाफल पाएँ।
